# परशुराम की प्रतिमा को दुग्ध से स्नान कराया, निकाली शोभायात्रा

## जनपद में धूमधाम से मनाया गया परशुराम जन्मोत्सव, जगह-जगह आयोजित किए गए कार्यक्रम, बड़ी संख्या में लोगों ने किया प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** भगवान परशुराम का जन्मोत्सव जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जयंती पर जिले में जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शहर के लावेला चौक स्थित भगवान परशुराम की प्रतिमा का ब्राह्मण महासभा द्वारा दुग्ध से स्नान कराया। इसके बाद माल्यार्पण किया। इसके बाद हवन पूजन किया गया। शहर में शोभायात्रा भी निकाली गई। शोभायात्रा में सुंदर झांकियां शामिल रहीं। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रही।

परशुराम जन्मोत्सव पर ब्राह्मण महासभा के मंडल महामंत्री अजय मिश्रा के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने लावेला चौक पर लगी भगवान परशुराम की प्रतिमा दुग्धाभिषेक किया। इसके बाद भगवान परशुराम ब्राह्मण धर्मशाला में हवन पूजन किया गया। जिसे आचार्य रंजीत शास्त्री और मुख्य यजमान संजय उपाध्याय, रचना शंखधार ने संपन्न कराया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें बच्चों ने सरस्वती वंदना तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष त्रिभुवन शर्मा, प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा, समिति के अध्यक्ष कौशलानंद उर्फ लालन पांडेय के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने भगवान परशुराम के जीवन से सीख लेने की अपील की एवं समाज के लिए समानता के साथ पूर्ण रूप से समर्पित रहने का वादा किया। ब्राह्मण धर्मशाला से शुरू हुई शोभायात्रा में स्कूली बच्चों की झांकियां, बैंड, काली के अखाड़े, परशुराम जी के जीवन वृंत का सुंदर झांकी शामिल थी। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों पर घूमी। इस मौके पर पंकज शर्मा, ज्ञानेंद्र नाथ मिश्रा, जिलाध्यक्ष अश्वनी भारद्वाज, संजीव शर्मा, दिनेश शर्मा, सुमित शंभू, हिमांशु, आयुष भारद्वाज सहित महासभा के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।



कार्यक्रम में गणमान्य लोगों को सम्मानित करते ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी।



शोभायात्रा के आगे भजन कीर्तन करते चल रहे ब्राह्मण महासभा के कार्यकर्ता।



शोभायात्रा में शामिल भगवान परशुराम की झांकी।



कार्यक्रम में उपस्थित ब्राह्मण समाज के लोग। ● अमृत विचार



भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते ब्राह्मण महासभा के मंडल महामंत्री।

**परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया : बिल्सी :** नगर के खैरी रोड स्थित शिशु शिक्षा सदन जूनियर हाईस्कूल में शुक्रवार को भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया गया। हवन पूजन के साथ-साथ बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। राहुल शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज के लोगों को चाहिए कि अपने बच्चों को तकनीकी शिक्षा में आगे बढ़ाएं। इससे रोजगार के काफी बेहतर अवसर मिल जाते हैं। इसलिए लोगों को वह अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा अवश्य दिलाएं। उन्होंने कहा कि समाज को एकजुट होने का समय आ गया है। इस मौके पर रजनीश शर्मा, दिनेश चंद्र शर्मा, भुवनेश शर्मा, विवेक कुमार, पीयूष दीक्षित, आशीष वशिष्ठ आदि मौजूद रहे। इधर नगर के शिव शक्ति भवन मंदिर में भी लोगों ने परशुराम जी के जन्मोत्सव पर हवन-यज्ञ कराया गया। जिसमें काफी लोगों ने आहुतियां दी।

### कारागार अधीक्षक ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद द्वारा भगवान परशुराम की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कारागार अधीक्षक डॉ विनय कुमार द्विवेदी शामिल रहे। उन्होंने परिषद के प्रदेश सचिव राम अवतार मिश्रा के साथ लावेला चौक पहुंचकर भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प माला पहनाई। इसके बाद आयोजित कार्यक्रम में परशुराम जयंती पर अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर एकांश दीक्षित, विजय प्रकाश दुबे, रजनीश शंखधार, रूपेंद्र नारायण मिश्रा, विश्वजीत मिश्रा, राजेश मिश्रा, मोहित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### शोभायात्रा पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने की पुष्प वर्षा



जिले में परशुराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी मंदिरों में भगवान परशुराम की प्रतिमा को फूल मालाओं के साथ सजाया गया। शहर में शोभायात्रा निकाली गई। जिसका शास्त्री चौक पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी के पदाधिकारियों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज रस्तोगी, उज्जवल गुप्ता, महेंद्र पाल सिंह, डिएन शर्मा, राजेश बाबू, शुभम रस्तोगी, नीरज शर्मा, अरविंद गुप्ता, अचल सक्सेना, आरके उपाध्याय, रचना शंखधार आदि लोग मौजूद रहे।

### ब्राहमण महिला जागरण मंच ने मरीजों को दिए फल



**बदायूं।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में ब्राह्मण जागरण मंच की महिलाओं ने जिला व महिला अस्पताल में पहुंच कर मरीजों को फल वितरण किए। मंच की महिलाओं ने मरीजों को उनके बिस्किट के पैकेट और दलिया भी बांटा। भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में शुक्रवार को ब्राहमण जागरण मंच की महिलाओं ने पहले जिला अस्पताल में मरीजों को फल बांटे बिस्किट और दलिया के पैकेट भी दिए। मरीजों से उनका हालचाल जाना। सीएमएस डा. कप्तान सिंह ने कहा कि मंच की महिलाओं ने मरीजों को फल और दलिया बिस्किट के पैकेट दिए उनसे बात की और खुश रहने को कहा। उसके बाद ब्राह्मण जागरण मंच की महिलाएं जिला महिला अस्पताल पहुंची। यहां पर सीएमएस डा. इंदु कांत वर्मा से बात करने के बाद तीसरी और चौथी मंजिल पर पहुंची वहां पर प्रसूताओं को फल बिस्किट और दलिया के पैकेट दिए। मंजुल शंखधार, मीनू गुप्ता, सुनीती उपाध्याय, अनीता उपाध्याय, सलोनी पाठक, सीमा शर्मा, रजनी मिश्रा, नीलू सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

## मलेरिया विभाग में इंटरनेट कनेक्टिविटी चार महीने से बंद

**बदायूं, अमृत विचार :** मलेरिया विभाग में इंटरनेट चार महीने से बंद है, जिससे विभाग से ऑनलाइन कनेक्टिविटी बंद है। इस मामले में स्वास्थ्य निदेशालय को कई बार पत्रों के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है। सीएमओ को पत्र भेजा गया है, लेकिन नेट चालू नहीं हो सका।

जिला मलेरिया कार्यालय पिछले साल दिसंबर तक वाई फाई से जुड़ा था। विभाग अपने कार्यों की ऑनलाइन रिपोर्ट शासन और स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को भेजता था। अब कनेक्टिविटी न होने से कार्यों का लेखा जोखा लखनऊ भेजने में दिक्कत होती है। एक जनवरी 2024 से इंटरनेट बंद कर दिया गया, तब से अब तक बंद है। जिससे सूचनाओं का आदान प्रदान नहीं हो पा रहा है। कम्प्यूटर ऑपरेटर अपने मोबाइल से कनेक्ट करने के बाद ही नेट को चलाता। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अब्दुल सलाम को पत्र भेज कर इंटरनेट चालू करने को कहा गया। कई बार पत्र भेजे गए इसके बाद भी विभाग का इंटरनेट चालू नहीं हो सका। सीएमओ डॉ. अब्दुल सलाम खान ने बताया कि मलेरिया विभाग का नेट बंद होने की जानकारी है, इस मामले में उच्च स्तर से कुछ किया जाएगा। यहां से तो लिख कर भेजा जा चुका है और मलेरिया विभाग को वाईफाई से जोड़ने के लिए कहा गया है। अभी स्वास्थ्य निदेशालय में चुनाव के कारण इस पर ध्यान नही दिया गया है।

मलेरिया विभाग के इंटरनेट बंद होने से समस्याय हो हो रही है। स्वास्थ्य निदेशालय द्वारा जारी होने वाले दिशा निर्देशों या फिर राष्ट्रीय कार्यक्रमों की जानकारी नहीं हो पाती है। उक्त जानकारियां सीधे विभाग को न मिल कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से मिलती है। इंटरनेट चालू करने को लगातार पत्राचार किया जा रहा है। **-डा. योगेश सारस्वत**, जिला मलेरिया अधिकारी

# धूमधाम से निकाली परशुराम शोभायात्रा

संवाददाता, वजीरगंज

- नगर वासियों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

**अमृत विचार :** भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर परशुराम सेवा समिति के तत्वाधान में नगर में शोभायात्रा धूमधाम से गाजे बाजे के साथ निकाली गयी। शोभायात्रा का नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

शुक्रवार को परशुराम सेवा समिति के तत्वाधान में भगवान विष्णु के ''आवेशावतार'', भक्ति, शक्ति एवं विद्वता के शाश्वत प्रतीक, भगवान परशुराम ने अपने ज्ञान, शौर्य व तपोबल से न्याय की स्थापना करने वाले भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर शोभा यात्रा निकाली गई। हाईवे स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर से भाजपा नेता हरिओम पाराशरी तथा शैलेश पाठक ने पूजन किया। शोभायात्रा हाईवे से होती हुई मेन मार्केट, आंवला रोड, होली चौक, बड़ा बाजार होती हुई बिल्सी रोड पर विसर्जित हुई। शोभायात्रा में श्री गणेश, माता सरस्वती, शिवजी, नगर का प्रसिद्ध काली अखाड़ा, नृत्य करती राधा कृष्ण की झांकी, विभिन्न बैंडबाजे, डीजे की धुनों पर थिरकती युवाओं की टोली सहित दर्जनों झांकियों सहित निकली गयी।

शोभायात्रा में पंडित बिनोद पचौरी, राजेश पाराशरी, भानुप्रकाश शर्मा, लोकेश भारद्वाज, विवेक कुमार मिश्र, गौरव मिश्र, शरद पाराशरी, रामकिशोर शर्मा, अरुण कुमार शर्मा, अमन शर्मा, नन्हे शर्मा, विकल्प तिवारी, शौरभ शंखधार, इलू शंखधार, अनिल पाराशरी, दुर्विजय शंखधार, देवेंद्र पाराशरी, शीलू मिश्र, सौरभ मिश्र, मोहित मिश्र, तरुण शंखधार, अमित पाठक, निर्भय शंखधार इसके अलावा भाजपा नेता राहुल वार्ष्णेय, दीपेश वार्ष्णेय, रोहित वंशीधर, सहित सहित सैकड़ों ब्राह्मण बंधु शामिल रहे।



शोभायात्रा में नृत्य करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## बैंक खातों में गड़बड़ी, नहीं पहुंच रहा मतदान कर्मियों का मानदेय

**बदायूं, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में 15000 से अधिक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। जिसमें उन्हें पीठासीन अधिकारी प्रथम मतदान अधिकारी द्वितीय मतदान अधिकारी और तृतीय मतदान अधिकारी के रूप में ड्यूटी लगी थी। इन सभी का मानदेय इनके बैंक खातों में भेजा जा रहा है। परंतु दर्जनों कर्मचारी ऐसे हैं जिनके बैंक खातों में गड़बड़ी की वजह से मानदेय उनके खातों में नहीं पहुंच पा रहा है। इससे कर्मचारी तो परेशान हैं हीं अधिकारियों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

ऐसे में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता मतदान में ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को बैंक खाता सही करने का निर्देश दिया है जिससे उनके खाते में मतदान पारिश्रमिक भेजा जा सके। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी इंदु सक्सेना ने बताया कि बैंक खातों में सुधार कर अपना डाटा विकास भवन स्थित जिला विकास अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करें जिससे कर्मचारियों के खातों में धनराशि भेजी जा सके।

# अक्षय तृतीया पर आभूषणों की खूब हुई खरीदारी



टिकट गंज बाजार में एक शोरूम में आभूषणों की खरीदारी करतीं महिलाएं।



सर्राफा बाजार स्थित शोरूम से आभूषण खरीदते लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मंदिरों, घरों और प्रतिष्ठानों में धार्मिक अनुष्ठान किए गए
- देर रात तक रही रौनक, कई करोड़ के कारोबार का अनुमान

**अमृत विचार:** अक्षय तृतीया पर बदायूं के सर्राफा बाजार में खूब धनवर्षा हुई। लोगों ने अपनी राशि के अनुसार शुभ माने जाने वाली सोना व चांदी की वस्तुओं की खरीदारी की। साथ ही विवाह व अन्य समारोह के लिए एडवांस बुकिंग भी की। देर शाम तक सर्राफा बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ने से कारोबारियों के चेहरे खिले। लोगों ने अपनी क्षमता के अनुसार सोने चांदी के आभूषण खरीदे गए। कई करोड़ के कारोबार का अनुमान जताया गया।

मां लक्ष्मी के अवतरण दिवस के रूप में मनाई जाने वाली अक्षय तृतीया पर मंदिरों व घरों में धार्मिक अनुष्ठान के बाद मां लक्ष्मी की आराधना की गई।

वैदिक मान्यता के अनुसार अक्षय तृतीया पर सोना-चांदी के आभूषणों की खरीदारी करना शुभ माना जाता है। इसे देखते हुए शहर के सर्राफा बाजार सहित जिले के उपनगरों में अधिकांश सर्राफा कारोबारियों ने अपनी दुकानें सुबह ही खोल दीं थी। सुबह से ही ग्राहकों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। जोकि देर शाम तक जारी रहा। सोने का भाव अधिक के चलते लोगों ने सामर्थ्य के अनुसार ही आभूषणों की खरीदारी की। बहरहाल पर्व पर पूरे दिन ग्राहकों की आवक रहने पर सर्राफा कारोबारियों के चेहरे खिले रहे। उनके द्वारा ग्राहकों को कई प्रकार के ऑफर दिए गए। उनके द्वारा मेकिंग चार्ज में छूट के साथ उपहार भेंट किए गए। सर्राफा एसोसिएशन के महामंत्री अरविन्द के अनुसार कई करोड़ का कारोबार रहा। उन्होंने बताया कि सोने चांदी के भाव अधिक रहने की वजह से ग्राहकों ने सामर्थ्य के अनुसार ही खरीदारी की।

### ग्राहकों ने उठाया ऑफर का लाभ

अक्षय तृतीया पर टीकाराम ज्वेलर्स ने ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर पेश किया। टिकट गंज स्थित टीकाराम ज्वेलर्स के शोरूम पर ग्राहकों में काफी अच्छा उत्साह देखने को मिला। ज्वेलरी ब्रांड सोने, हीरे व पोल्की आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर ग्राहकों को 100 प्रतिशत तक की छूट मिली। टीकाराम ज्वेलर्स शोरूम के मालिक प्रमुख वैश्य ने कहा कि लंबे समय से ग्राहकों में विश्वास बनाया है। आने वाले समय में और ऑफर लेकर आएंगे।

## खेत से अचानक गायब हुआ किसान

**बिल्सी, अमृत विचार :** खेत पर फसल की रखवाली करने गया किसान अचानक गायब हो गया। परिजनों ने थाना बिल्सी में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। क्षेत्र के फतेहनगला निवासी कुंवरपाल ने बताया कि उसका भाई बृजपाल नौ मई को दोपहर 12 बजे खेत पर मक्का की फसल की रखवाली के लिए गया था। शुक्रवार शाम तक वापस नहीं आया। रिश्तेदारों में भी पता किया, लेकिन जानकारी नहीं मिली। तब उन लोगों ने थाना बिल्सी में शिकायती पत्र देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है।

**गर्मी में बेहाली** दर्जनों गांवों में चार से पांच घंटे गुल हो रही बिजली, विभाग की मनमानी से लोगों में रोष, गर्मी में बढ़ी परेशानी

# आग बरसा रहा सूरज, ऊपर से बिजली महकमा ले रहा लोगों के धैर्य की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बिजली विभाग की मनमानी के चलते अब शहर से लेकर गांवों में भी परेशानी होने लगी है। चार-चार घंटे बिजली गुल रहने से गर्मी में लोग उबल रहे हैं। विभाग कटौती और ट्रिपिंग पर कोई जवाब नहीं दे रहा है। शहरों में कई-कई घंटों की कटौती से त्राहि-त्राहि मची हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों में खड़ी मक्का की फसल भी सूखने लगी है।

गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली विभाग ने भी उपभोक्ताओं को रुलाना शुरू कर दिया है। शहरी क्षेत्र में घंटों को बिजली गुल रहती है, जिससे गर्मी से लोग बेहाल हो रहे हैं। शहर की मधुबन कॉलोनी में दो दिन से सुबह दस से 12 बजे तक बिजली गुल हो रही है। गर्मी में घरों में लोगों का बैठ पाना भी मुश्किल हो रहा है। बुधवार और गुरुवार को दो घंटे सप्लाई ठप रही। दोपहर में बिजली गुल होने से लोग व्याकुल हो उठे। कटरा ब्राह्मपुर इलाके में आज सुबह नौ बजे से 11 बजे तक बिजली गुल रही, जिससे गर्मी के कारण उपभोक्ता परेशान रहे। पथिक चौक और मीरा सराय इलाके में भी सुबह आठ बजे से दस बजे तक बिजली ठप रही। कबूलपुरा और सोथा मोहल्ला की ओर बिजली की कटौती को लेकर कुछ लोग बिजलीघरों पर भी पहुंच गए। कोतवाली क्षेत्र में भी काफी देर तक बिजली गुल रही। जिससे बिजली उपकेंद्र पर उपभोक्ता पूछताछ करने पहुंचे तो वहां पर कोई नहीं मिला।

उधर देहात इलाके में बिजली संकट और गहराता जा रहा है। अब तक तो एक-दो घंटे की कटौती हो रही थी, मगर गुरुवार को सुबह आठ बजे से बारह बजे तक बिजली गुल रहने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। ढाक वाली जियारत स्थित विद्युत उपकेंद्र से ककराला रोड के करीब चौदह गांवों को बिजली जाती है। इस लाइन से हर समय बिजली की गड़बड़ी रहती है।

गुरुवार को ग्राम उघैनी, उपरैला, रूपापुर, सिमरिया, सूरजपुर, झंडपुर सहित कई गांवों में सुबह आठ बजे से दोपहर बारह बजे तक बिजली गुल रही। ग्रामीणों ने कहा कि गर्मियों में ही बिजली की समस्या बढ़ जाती है। शिकायत करने पर भी कोई सुनता नहीं है। ढाक वाली जियारत पर जेई और लाइनमैन से फोन पर बात करने की कोशिश की गयी तो किसी ने फोन रिसीव नहीं किया। उधर सखानू फीडर से जुड़े गांव उनौला, खरखोली जखेली, सहित अनेक गांवों में भी सुबह दस से बारह बजे तक बिजली गुल रही। इन गांव के लोगों का कहना है कि विभाग के लोग ध्यान नहीं देते हैं और न ही कटौती रोकने को कोई कदम उठाते हैं। शेड्यूल के हिसाब से बिजली नहीं दी जा रही है। शेड्यूल के अनुसार सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक सप्लाई दी जानी चाहिए, लेकिन इसमें भी घंटों की कटौती कर दी जाती है। बिजली कटौती के कारण मक्का की फसल सूख रही है। हर दिन बिजली गुल हो रही है, जिससे ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे हैं।



खेतों में खड़ी मक्का की फसल।



गांव में हर रोज बिजली कटौती हो रही है। आज तो सुबह से बिजली गुल रही। दोपहर 12 बजे सप्लाई शुरू हुई है। चार घंटे की कटौती के कारण ट्यूबवेल भी नहीं चल पा रहे हैं। मक्के की फसलें सूख रही हैं। मैंथा और चारे में भी पानी नहीं लग पा रहा है। **-नवल**, झंडपुर



गर्मियां शुरू होते ही बिजली विभाग ने कटौती शुरू कर दी है। अब दो से चार घंटे की कटौती हो रही है। जिससे ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे हैं। गर्मियों में पंखे, कूलर बंद पड़े हैं। तेज गर्मी से घरों में दिक्कत हो रही है। **-कामिल, उघैनी**



बिजली विभाग की मनमानी गर्मियों में बढ़ जाती है। बिजली नहीं आने से मक्का की फसल सूख रही है। अन्य मशीनी उपकरण बंद पड़े हैं। शिकायत करने पर कोई सुनने को तैयार नहीं है। जेई को फोन किया मगर उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। **-लालू**, उनौला



दो बीघा मक्का है पानी नहीं मिलने से सूख रही है। आज सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक बिजली गुल रही। दो बजे बिजली चली जाती है। क्या पानी लगे। परेशानी हो रही है। धूप में खेतों पर रहते हैं मगर पानी के बिना मक्का और मैंथा सूख रहा है। **-रतनलाल**, झंडपुर

शहर में कहीं कहीं बिजली सप्लाई में दिक्कत हो रही है। कुछ लाइनें बदली जा रही हैं। इसलिए कुछ समय के लिए सप्लाई रोकी जा रही है। इसी तरह देहात क्षेत्रों में भी तार बदले जा रहे हैं। चार दिन में सप्लाई नियमित शुरू हो जाएगी। लाइनों पर काम चल रहा है। **-संजीव कुमार**, अधिशासी अभियंता प्रथम

# जंगली सुअरों ने किसान को गंभीर घायल किया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मक्का की फसल की रखवाली करने गए थे मुन्ना शाक्य
- दौड़कर बमुश्किल बचाई जान ग्रामीणों ने सुअरों को भगाया

**अमृत विचार :** मक्का की फसल की रखवाली करने गए किसान पर जंगली सुअरों ने हमला कर दिया, जिससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। बमुश्किल किसान ने किसी तरह दौड़कर जान बचाई। जंगली सुअरों व गोवंशीय पशुओं के हमलों से किसानों में भय है।

खेतों में मक्का की फसल है। ग्रामीण गौवंश से फसल की रखवाली करने को रात भर खेतों पर रहते हैं। पिछले कई दिनों से जंगली सूअर मक्का की फसल में घुस रहे हैं। ग्रामीण जब इनको भगाते हैं तो हमला कर देते हैं। गुरुवार की रात को ग्राम उदमई निवासी मुन्ना शाक्य अपनी मक्का की रखवाली कर रहे थे, तभी जंगली सूअरों ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। किसी तरह भाग कर मुन्ना ने जान बचायी। उसके बाद कई ग्रामीण लाठी लेकर खेतों पर गए और जंगली सूअरों को दौड़ाया। इसी तरह गांव सिमरिया के लोगों की शिकायत है कि गौवंश की जगह अब जंगली सूअर हमलावर हो रहे हैं।

इनके भय से ग्रामीण खेतों पर नहीं जा रहे हैं। जंगली सूअर पिछले एक साल से क्षेत्र में परेशानी का कारण बने हुए हैं। ग्राम झंडपुर में गुरुवार को करीब आधा दर्जन जंगली सूअर पकड़े गए। कंचनपुर के लोगों ने जाल बिछा कर सूअरों को पकड़ा और बांध कर वाहनों में डाल कर ले गए।

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

## एक नजर

### छात्रों में हुआ झगड़ा, मारपीट में एक घायल

**बिल्सी ।** नगर के बीडीवी इंटर कॉलेज के दो छात्रों में झगड़ा गया। जिसमें एक छात्र घायल हो गया। क्षेत्र के गांव वैन निवासी अमरदीप पुत्र ओमवीर माथुर नगर के बीडीवी इंटर कॉलेज में कक्षा नौ में पढ़ता है। गुरुवारी शाम वह एनए कॉलेज की फील्ड की ओर से आ रहा था। रास्ते में उसकी कक्षा का एक छात्र मिला, जो गाली-गलौच करने लगा। विरोध करने पर धारदार हथियार से सिर पर हमला कर दिया। वह घायल हो गया। घायल अमरदीप ने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी है।

# पड़ोसी के घर में पेड़ पर फंदे से लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

## मृतका के भाई का आरोप, पांच लोगों ने महिला के बेटों को बनाया था बंधक

संवाददाता, सहसवान

**अमृत विचार :** सहसवान थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला का शव पड़ोसी के घर में पेड़ पर लटका मिला। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार उनके घर पर गुरुवार रात को पांच लोग आए और बच्चों को बंधक बनाकर महिला को पकड़कर ले गए और घर ले जाकर हत्या कर दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार महिला की मौत हैंगिग से हुई है।


मृतका सरस्वती।

बिसौली थाना क्षेत्र के गांव सिचौली निवासी धर्मेंद्र ने बताया कि उसकी बहन सरस्वती (38) पति हरपाल के साथ सहसवान थाना क्षेत्र के गांव गहलौर में रहती थी। उसके दो बेटे सौरभ व दुर्वेश हैं। हरपाल के पड़ोसी के साथ उसके दो भांजे भी रहते हैं। पड़ोसी के भांजों ने हरपाल से एक लाख रुपये उधार लिए थे। रुपये मांगने को लेकर हरपाल व पड़ोसी के भांजों के बीच चार दिन पहले विवाद हुआ था, जिसे लोगों ने समझाकर शांत कर दिया था। गुरुवार शाम को भी रुपयों को लेकर हरपाल व पड़ोसी के भांजों के बीच विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर पड़ोसी के भांजे हरपाल व सरस्वती से रंजिश मानने लगे थे। आरोप है कि गुरुवार की रात को जब हरपाल खेत पर रखवाली करने के लिए चला गया। तब पड़ोसी अपने भांजों के साथ हरपाल के घर पहुंचा और उसके बेटे सौरभ व दुर्गेश को बंधक बनाकर बंद कर दिया। शुक्रवार सुबह पांच बजे हरपाल का भतीजा दिनेश खेत पर जा रहा था। तब बच्चे अंदर से दरवाजा खटखटा रहे थे। दरवाजा बाहर से बंद था। दिनेश ने दरवाजा खोला तो देखा कि सौरभ व दुर्वेश के हाथ पैर बंधे हैं और मुंह में कपड़ा ठूसा हुआ है। दिनेश ने दोनों बच्चों के हाथ पैर खोले और मुंह का कपड़ा बाहर निकाला। तब बच्चों ने बताया कि पड़ोसी और उसके भांजे घर पर आए थे। दोनों बच्चों को बंधक बनाकर बंद कर गए और उनकी मां सरस्वती को साथ ले गए। दिनेश की सूचना पर हरपाल परिजनों के साथ पड़ोसी के घर पहुंचा तो देखा कि वहां सरस्वती का शव पेड़ से लटका हुआ है। परिजनों का आरोप है कि सरस्वती की हत्या के बाद पड़ोसी व उसके भांजों ने शव को फंदे से लटका दिया।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने पुलिस को उलझाया

हरपाल व उसके परिजनों का आरोप है कि पड़ोसी व उसके भांजों ने सरस्वती की हत्या की है। जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार सरस्वती की मौत हैंगिंग से होना बताया जा रहा है। अब सवाल है कि जब मौत हैंगिग से हुई है तो सरस्वती पड़ोसी के घर तक कैसे पहुंची। वहां फांसी लगाती रही और पड़ोसी को पता भी नहीं चला। जबकि गर्मियों के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों में लोग घर से बाहर सोते हैं।

### परिजन भी कुछ छिपा रहे

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार सरस्वती की मौत हैंगिग से हुई है। अब सवाल है कि सरस्वती ने आत्महत्या क्यों की। हरपाल व उसके परिजन पड़ोसी पर आरोप क्यों लगा रहे हैं। बच्चों को रात में बंधक बनाया तो शोर शराबा क्यों नहीं हुआ। सरस्वती पड़ोसी के घर कैसे पहुंची। इन सभी सवालों का जवाब पुलिस तलाश रही है।

शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मौत हैंगिग से हुई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**-सौरभ सिंह** - प्रभारी निरीक्षक सहसवान

## युवक ने पर्स निकालने वालों को दौड़ाकर पकड़ा

**बदायूं, अमृत विचार :** चार युवकों ने पानी पी रहे युवक की जेब से पर्स निकाल लिया और रुपयों का बंटवारा कर लिया। युवक ने उन चारों का पीछा करके पकड़ लिया। उनके पास से कुछ रुपये बरामद हुए। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव नीमगांव निवासी अशरफ अली पुत्र बाबू अली ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह पांच मई को बिरुआबाड़ी मंदिर पर टैंकर से पानी ले रहे थे। पास में चार अन्य लोग भी पानी पी रहे थे। एक व्यक्ति उनके पीछे था जबकि तीन युवक दाहिने साइड में थे। उन चोरों ने उनकी 2740 रुपये रखा पर्स निकाल लिया और वहां से जाने लगे। अहसास होने पर वह उनके पीछे भागा। तब तक वे लोग रुपये बांट चुके थे। उसने दो लोगों को पकड़ लिया। एक की जेब से 300 रुपये और दूसरे की जेब से 400 रुपये बरामद हुए। दोनों ने अपना नाम शब्बू और राशिद बताया। वो दोनों माफी मांगने लगे। भागे हुए युवकों के नाम नोइब और आशू मोटा बताया। अशरफ की तहरीर पर पुलिस ने चारों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# शराब के नशे में टॉवर पर चढ़ा युवक, गिरने से मौत


घटना स्थल का निरीक्षण करती पुलिस ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- तीन साल पहले कैंसर से हुई थी पत्नी की मौत, अवसाद में चल रहा था युवक

**अमृत विचार :** पत्नी की मौत के बाद अवसाद में चल रहा कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक शराब के नशे में बीएसएनएल के टॉवर पर चढ़ गया। टॉवर से गिरकर युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव रिसौली निवासी दीपक (28) पुत्र सुदेश कुमार सिंह की पत्नी की लगभग तीन साल पहले कैंसर से मौत हो गई थी। इसके बाद से दीपक अवसाद में चल रहा था। वह ज्यादा किसी से बात नहीं करता था। ज्यादातर अकेले ही रहता था। कुछ दिनों से शराब पीने का आदी हो गया। गुरुवार रात लगभग 12 बजे वह शराब के नशे में धुत होकर गांव आया और बीएसएनएल टॉवर पर चढ़कर चिल्लाने लगा। ग्रामीणों ने आवाज सुनी तो समझे कि वह परेशान है और शराब के नशे में है। कुछ देर में नीचे उतर आएगा। ग्रामीण घरों में जाकर सो गए। रात में किसी समय दीपक टॉवर से गिर गया। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने उसका शव पड़ा देखा। परिजन अस्पताल ले गए जहां डाक्टर ने मौत की पुष्टि कर दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# महिला अस्पताल भेजे जा रहे सैंपल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल की पैथोलॉजी लैब बंद होने के कारण ब्लड के सैंपल जिला महिला अस्पताल की लैब में भेजे जा रहे हैं जिससे लैब में हर रोज सैकड़ों सैंपलों की जांच करनी पड़ रही है। लैब टेक्नीशियन भी परेशान हैं।

जिला अस्पताल की पैथोलॉजी लैब का विस्तारीकरण किया जा रहा है। इसलिए यहां की लैब खाली कर दी गयी है। जिला अस्पताल के मरीजों के ब्लड की जांच नहीं हो रही है। कुछ खास मरीजों के ब्लड के सैंपल जिला महिला अस्पताल भेजे जा रहे हैं। महिला अस्पताल की लैब में ब्लड के सैंपलों की जांच अब दोगुनी हो गयी। महिला अस्पताल और जिला अस्पताल के मरीजों के ब्लड सैंपल की जांच करने में अब लैब टेक्नीशियन को भी परेशानी हो रही है। जिला महिला अस्पताल में अब ब्लड की रिपोर्ट लेने वालों की भीड़ लगी रहती है। सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक मरीज यहां पर धक्का मुक्की करते रहते हैं। दूसरे दिन रिपोर्ट मिल पा रही


महिला अस्पताल की लैब में ब्लड की जांच करता टेक्नीशियन।

- जिला अस्पताल की पैथोलॉजी लैब का हो रहा विस्तार

पैथोलॉजी लैब में काम बढ़ने से दो लैब टेक्नीशियन लगाए हैं। दो जगह के ब्लड सैंपलों की जांच रिपोर्ट तैयार करनी पड़ रही है। ब्लड रिपोर्ट लेने वालों की भीड़ लगी रहती है। करीब दस दिन तक यह स्थिति रहेगी। उसके बाद जब जिला अस्पताल की लैब में काम शुरू हो जाएगा तो यहां भीड़ नहीं रहेगी। फिलहाल सभी मरीजों को ब्लड रिपोर्ट मिल रही है।

**डॉ. इंदु कांत वर्मा,** सीएमएस

## रास्ता रोककर जान से मारने की धमकी

**बदायूं, अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव खेड़ा बुजुर्ग निवासी सलीम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता हैं। 3 मई की शाम बदायूं क्लब में एक चैनल की डिबेट हुई थी। एक पूर्व विधायक के पीए के बड़े भाई कौशर ने जय श्री राम को लेकर सवाल उठाए। वहां बहस होने लगी थी। अगले दिन रात लगभग आठ बजे वह मोहल्ला सोथा से अपने घर जा रहे थे। रास्ते में चक्कर की सड़क पर कौशर मिले और धमकाने लगे। कहा कि 15 दिन बाद देखूंगा कि भाजपा का कितना बड़ा कार्यकर्ता है। जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर लोग एकत्र हो गए उन्होंने बचाया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# नवजात की मौत, महिला अस्पताल में हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सीएमएस के समझाने के बाद परिजन शांत हुए

**अमृत विचार:** जिला महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में एक नवजात की मौत हो गयी, जिससे वार्ड में हंगामा हो गया। नवजात की मौत के बाद प्रसूता ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया, लेकिन सीएमएस के समझाने के बाद परिजन शांत हो गए।

जिला महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में 14 नवजात रखने की जगह है। लेकिन यहां पर शुक्रवार को 18 नवजात थे। एक प्रसूता को गुरुवार की रात को प्रसव हुआ। चिकित्सकों की मानें तो आठ महीने का नवजात होने के कारण उसका वजन कम था। वजन कम होने से उसकी शुक्रवार को दोपहर मौत हो गयी। शिशु की मौत के बाद परिजनों ने स्टाफ नर्स पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्यवाही करने को कहा। हंगामा होने पर सीएमएस डॉ. इंदु कांत वर्मा भी मौके पर पहुंच गए। सीएमएस ने परिजनों को समझाया कि आठ महीने के शिशु में ब्लड की कमी थी। उसका वजन भी कम था, इसलिए उसकी मौत हो गयी। इस पर परिजन शांत हो गये। शिशु के शव को लेकर वह अपने गांव चले गए। सीएमएस ने कहा कि आठ या साढ़े आठ महीने का प्रसव असुरिक्षत होता है। महिलाओं में खानपान की कमी से शिशु में ब्लड नहीं बन पाता है इसलिए नवजात कमजोर होता है ऐसे शिशुओं को बचा पाना मुश्किल होता है।

### नवजात की मौत, एसडीएम से कार्रवाई की मांग

**आसफपुर ।** बिना लाइसेंस के चल रहे एक हेल्थ केयर सेंटर पर प्रसव के दौरान नवजात की मौत हो गयी। पीड़िता ने एसडीएम और पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। आसफपुर क्षेत्र में इन दिनों गली मोहल्लों में बिना लाइसेंस के हेल्थ केयर सेंटर मरीजों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। आसफपुर निवासी सुनील कुमार ने अपनी पत्नी खुशबू को प्रसव के लिए रविवार को एक क्लीनिक पर भर्ती कराया। सुनील से चार हजार रुपए लेने के बाद सुरक्षित प्रसव की गारंटी दी गयी। सुनील ने बताया कि रविवार शाम को महिला चिकित्सक ने अपने देवर के साथ मिलकर उसकी पत्नी का पेट दबाना शुरू कर दिया। कुछ दिक्कत होने पर बच्चे को पकड़ कर जबरन बाहर खींच लिया जिससे नवजात की मौत हो गयी। नवजात की मौत के बाद कहा कि बाहर ले जाओ बच्चे की हालत ठीक नहीं है। सुनील का आरोप है कि डाक्टर ने अस्पताल से बाहर कर दिया। इस बात पर हंगामा हो गया। तमाम लोग मौके पर पहुंच गये। प्रसव के बाद प्रसूता की भी हालत बिगड़ गयी। जिसके बाद उसे रेफर किया गया। पीड़ित सुनील ने एसडीएम बिसौली और कोतवाल फैजगंज वेहटा को शिकायती पत्र दिया है और कार्रवाई की मांग की है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी आसफपुर डा. पवन जायसी ने कहा कि इस मामले में अस्पताल संचालक को नोटिस दिया गया है। यदि दो दिन में नोटिस का जवाब नहीं मिलता है तो कार्यवाही की जाएगी। इस अस्पताल संचालक को तीन नोटिस और दिए जा चुके हैं अभी तक किसी नोटिस का जवाब नहीं दिया गया है। अब कार्यवाही की जाएगी।

# जिले भर में दो दिन में साफ होंगे नाले और नालियां: सीएमओ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शहर से लेकर कस्बा और गांवों में नालों में भरी है गंदगी, पास नहीं होता पानी
- डीपीआरओ ने लिखा पत्र, 12 मई से नालों की सफाई कराने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** बारिश में जल भराव की समस्या न हो, इसके लिए शासन स्तर से नाले और नालियों की सफाई के निर्देश डीपीआरओ को दिए गए हैं। डीपीआरओ ने नगर पालिका, नगर पंचायतों व ग्राम पंचायतों को पत्र भेजकर नाले और नालियां दो दिन में साफ कराने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए 12 मई से अभियान चलाकर सफाई की जाएगी।

नाली नालों में गंदगी होने से ही हर साल मच्छर पनपते हैं। मच्छरों के कारण संक्रामक रोगों फैलते हैं। जो स्वास्थ्य विभाग को परेशानी का कारण बनता है। पिछले साल भी गंदगी को साफ न करना लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ गया। मलेरिया और डेंगू के डंक से सैकड़ों लोगों की जान चली गयीं, इसलिए शासन स्तर से अभी से सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। डीपीआरओ ने सभी नगर पंचायतों नगर पालिकाओं के ईओ को पत्र लिखा है और 12 मई से अभियान चलाने को कहा है। उधर स्वास्थ्य विभाग ने भी नालों में मच्छर नाशक दवा का छिड़काव करते रहने को मलेरिया विभाग को निर्देशित किया है। डीपीआरओ ने ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया है कि वह अपने गांवों में सफाई कराएं।

बारिश के मौसम में मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियां फैलती हैं। शासन के निर्देश पर सफाई अभियान चलाने को डीपीआरओ ने पत्र जारी कर बारिश से पहले ही सफाई कराए जाने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग और मलेरिया विभाग सफाई कार्य पर नजर रखेगा।

**-डा. अब्दुल सलाम खान**- सीएमओ

# रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा का नहीं इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में जीआरपी जवानों की ड्यूटी लग जाने से रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ गयी है। जीआरपी थाने में केवल दो महिला सिपाही हैं जो रात को डयूटी करती हैं इसलिए दिन में यहां पर एक भी सुरक्षाकर्मी नहीं रहता है।

रेलवे स्टेशन पर जीआरपी थाने में वैसे तो करीब 29 पुलिसकर्मी हैं। इसमें सात लोगों का स्टाफ कार्यालय में तैनात है जबकि एक एसओ हैं। इसके अतिरिक्त 13 जवान चुनाव ड्यूटी में लगे हैं इसलिए रेलवे स्टेशन की सुरक्षा के लिए मात्र दो महिला सिपाही हैं जो रात के समय ड्यूटी पर रहती हैं। रेलवे यात्रियों की सुरक्षा के लिए दिन मे कोई प्रबंध नहीं किया गया है। रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा न होने के कारण ही गुरुवार को ट्रैफिक पुलिस के एक सिपाही ने टीटी के साथ अभद्रता कर दी जिससे यहां पर हंगामा हो गया। हालांकि बाद में दोनों पक्षों को बिठा कर समझौता करा दिया गया। रेलवे यात्रियों का कहना था कि रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं है। यहां पर एक भी पुलिसकर्मी नहीं है। रेल यात्रियों के साथ भी कोई घटना घट सकती है। सुबह से लेकर शाम तक रेलवे स्टेशन पर यात्री आते जाते रहते हैं यहां पर कभी किसी के साथ कुछ भी हो सकता है। इस मामले में रेलवे प्रशासन को गंभीरता से विचार करना चाहिए।


बिना सुरक्षा कर्मियों के रेलवे स्टेशन।

- महिला सिपाही को दी गयी जिम्मेदारी, चुनाव में गया स्टाफ

रेलवे स्टेशन की सुरक्षा की जिम्मेदारी जीआरपी की है। लेकिन जीआरपी के जवान चुनाव की ड्यूटी में लगे हुए हैं इसलिए दिन में सुरक्षा को लेकर दिक्कत रहती है। हालांकि रात के समय महिला सिपाही रहती हैं, कुछ समय तक तो दिन में भी रहती हैं उसके बाद यहां पर कोई सुरक्षा कर्मी दिखाई नहीं देता है।

**-प्रदीप कुमार मीना** - चीफ

सुरक्षाकर्मी चुनाव में गए हैं। इसलिए वह खुद रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था देखती हैं। यहां पर किसी तरह का खतरा नहीं है। महिला सिपाही रात को रहते हैं। जबकि दिन में वह स्वयं निगरानी करती हैं। कुछ समय तक यह समस्या है बाद में जीआरपी जवान आ जाएंगे फिर कोई दिक्कत नहीं होगी।

**-पिंकी चौहान,** जीआरपी एसओ

## मारपीट और लूट के मामले में अधिवक्ता समेत दो तलब

**बदायूं, अमृत विचार :** फैसला न करने पर दबंगों ने युवक के साथ मारपीट की। इस प्रकरण में पीड़ित ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। कोर्ट ने अधिवक्ता मोहित प्रभाकर व उनके पिता राकेश को तलब किया है। उझानी कस्बा निवासी दीपक ने बताया कि 26 जनवरी 2023 को वह नगर पालिका कार्यालय में बैठे थे। मारपीट के एक मामले में उनके मोहल्ला के अधिवक्ता मोहित प्रभाकर अपने पिता राकेश व चार अन्य लोगों के साथ आए और समझौते का दबाव बनाने लगे। इन्कार करने पर मारपीट की। इस प्रकरण में मोहित ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। अब विशेष न्यायालय डकैती की न्यायाधीश कुमारी रिंकू ने पत्रावली का अवलोकन करते हुए वादी पक्ष को सुनकर अधिवक्ता मोहित प्रभाकर और उनके पिता राकेश को तलब किया है।

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या, पांच के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, विजय नगला

- मौत की सूचना पर पहुंचा था मायका पक्ष, जमीन पर पड़ा था शव और मुंह से निकल रहे थे झाग

**अमृत विचार :** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर एक महिला की हत्या कर दी गई। मृतका के भाई की तहरीर पर पति समेत पांच ससुरालीजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

जिला अलीगढ़ के इकलाश नगर निवासी सरोज ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उन्होंने तकरीबन सात महीने पहले अपनी बहन चीनू (22) की शादी मूसाझाग क्षेत्र की नगर पंचायत गुलड़िया के वार्ड तीन निवासी विकास के साथ की थी। शादी के दो महीने तक सबकुछ सामान्य था लेकिन बाद में विकास व ससुरालीजन राहुल, सत्यभान, ओमकार आदि दो लाख रुपये और बाइक की मांग कर परेशान करने लगे। उन्होंने ससुरालीजनों को समझाया। कई बार पंचायतें भी कीं लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। शुक्रवार दोपहर ग्रामीणों ने उन्हें फोन करके बताया था कि चीनू की मौत हो गई है। वे लोग गुलड़िया पहुंचे जहां चीनू का शव जमीन पर पड़ा था और ससुरालीजन फरार थे। मायका पक्ष की सूचना पर सीओ शक्ति सिंह, नायब तहसीलदार निरंकार सिंह, अपराध निरीक्षक राजीव कुमार मौके पर पहुंचे। फारेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विकास, उसकी मां, सत्यभान, ओमकार, राहुल के खिलाफ दहेज हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। अपराध निरीक्षक ने बताया कि पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी फरार हैं। उनकी तलाश की जा रही है।

# छोटे भाई ने किया पथराव, घायल बड़े भाई ने अस्पताल में तोड़ा दम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- नलकूप के पाइप बिक्री के रुपयों को लेकर विवाद में छोटे भाई ने अपनी पत्नी के साथ किया था हमला
- बरेली में इलाज के दौरान नहीं हुआ सुधार तो राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था

**अमृत विचार :** सिंचाई के पाइप के रुपयों के लेनदेन को लेकर एक युवक ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर अपने बड़े भाई पर जानलेवा हमला किया। गाली-गलौज की और पथराव करके घायल कर दिया। उसे बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार होने पर परिजनों ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। गुरुवार देर शाम युवक की मौत हो गई। शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक के बेटे की तहरीर पर आरोपी दंपती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

थाना हजतपुर क्षेत्र के गांव बघौरा निवासी रघुवीर (63) और धर्मपाल पुत्र रामस्वरूप दो भाई थे। दोनों के अलग-अलग खेत हैं जो आसपास हैं। दोनों की फसल की सिंचाई के लिए एक ही नलकूप है। कुछ दिनों से नलकूप का बोरिंग बंद हो गया था। रघुवीर ने उसका पाइप निकालकर बेच दिया था। जिसके 1200 रुपयों को लेकर रघुवीर और धर्मपाल के बीच कहासुनी हुई। दो मई को दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। धर्मपाल और उसके पत्नी निर्मला ने रघुवीर से गाली-गलौज की और पथराव किया। रघुवीर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें इलाज के लिए जिला परिजनों ने उन्हें बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में सुधार होने पर परिजन उन्हें वापस लाए और राजकीय मेडकिल कॉलेज में भर्ती कराया। वहां इलाज के दौरान गुरुवार देर शाम रघुवीर ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक के बेटे राजेश की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी धर्मपाल और निर्मला के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि मृतक के बेटे ने तहरीर दी थी। दंपती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# कार ने टेंपो को मारी टक्कर एक की मौत, चार घायल

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** कार की टक्कर से टेंपो सवार तीन महिलाओं, समेत पांच लोग घायल हो गए। इनमें एक की इलाज को ले जाने के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक को पकड़ लिया है। वह शराब के नशे था।

थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव यूसुफ नगर निवासी रामभान सोलंकी शुक्रवार दोपहर लगभग चार बजे अपने टेंपो में सवारियों को बैठाकर कस्बा कुंवरगांव आ रहे थे। गांव दुगरइया के पास विपरीत दिशा से आई अनियंत्रित कार ने टेंपो को टक्कर मार दी। कार सड़क किनारे खंती में जा घुसी। मौके पर चीख पुकार मच गई। लोगों ने चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। रामभान सोलंकी, कुंवरगांव निवासी संगीता गुप्ता पत्नी प्रेमशंकर गुप्ता, अलीगंज निवासी माया देवी पत्नी नन्हें गुप्ता, उनकी बेटी वर्षा यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। बरेली ले जाते समय तस्लीम की मौत हो गई।


टेंपो में टक्कर मारने के बाद खेत में गई कार।

- पुलिस ने जिला अस्पताल भेजे घायल, शराब के नशे में धुत था कार चालक

# डीएम ने किया विद्यालय का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी मनोज कुमार ने शुक्रवार को नगर क्षेत्र ककराला के संविलियन विद्यालय नंबर 7 का निरीक्षण किया। स्कूल में बच्चों की संख्या कम मिलने और साफ सफाई न होने पर नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान उनके द्वारा नगर पालिका ईओ को कायाकल्प के तहत कार्य कराने के आदेश दिए। शिक्षकों को बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने को कहा।

डीएम ने निरीक्षण के दौरान उपस्थित बच्चों से विज्ञान, गणित आदि विषयों पर प्रश्न पूछे। जिसका बच्चे संतोष जनक उत्तर नहीं दे सके। इस उन्होंने बच्चों को नियमित पठन पाठन करने को कहा। जिलाधिकारी को स्कूल में पंजीकृत 79 बच्चों के सापेक्ष मात्र 44 बच्चे ही मिले। अन्य व्यवस्थाएं भी ठीक नहीं मिलीं। जिस पर उन्होंने प्रधानाध्यापक से कड़ी नाराज़गी व्यक्त की। प्रधानाध्यापक को शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति और व्यवस्था को ठीक करने के आदेश दिए। वहीं ककराला ईओ को स्कूल में कायाकल्प के तहत कार्य कराने के लिए आदेशित किया।


स्कूल का निरीक्षण करते डीएम मनोज कुमार। ● अमृत विचार

- बच्चों की कम उपस्थिति मिलने पर जताई नाराजगी

### डीईओ ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने शुक्रवार को मंडी समिति में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। सीसीटीवी से की जा रही निगरानी सहित अन्य व्यवस्थाओं को भी परखा। इस अवसर पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

कैलाश आई एवं जनरल हॉस्पिटल

सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइटिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा

फ्री

भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।

ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।

नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री

अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट

किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली

सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन

9837892555
9412192305

## बिजली विभाग के जेई का रुपये मांगने का वीडियो वायरल

**म्याऊं, अमृत विचार :** किसान से प्राईवेट ट्यूबवेल का ट्रांसफार्मर बदलवाने पर रुपये की मांग करते हुए जेई की वीडियो सोशल मीडिया वायरल हुआ है। वीडियो में बिजली विभाग के जेई और एक कर्मचारी बाइक पर बैठे हैं। वह गांव डहरपुर निवासी किसान केशेंद्र पाल से ट्रांसफार्मर बदलवाने के दस हजार रुपए मांग रहे है। कुछ दिन पूर्व ट्रांसफार्मर फुंक गया था। बदलवाने के लिए कौशेंद्र कई बार जेई को प्रार्थना पत्र दे चुके हैं। किसान ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर में जेई और सीजीटू डहरपुर की तरफ आ रहे थे। जेई से ट्रांसफर के बारे में कहा तो उन्होंने 10 हजार रुपए मांगे। किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। किसान ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते देकर कार्रवाई की मांग की है। जिसमे उन्होंने बताया कि वह जेई को दो हजार रुपए दे भी चुके हैं।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE जांचों पर विशेष छूट
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE
डॉ. अरशद अली एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच. नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी. कन्सलटैन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376
सब पैथोलॉजी सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
गूगल अवार्ड एवं गोल्ड मेडलिस्ट प्राप्त
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक 8859517808
रुहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

# महिलाओं ने बढ़ चढ़कर निभाई जिम्मेदारी

## 2019 के मुकाबले 13 हजार से अधिक महिलाओं ने डाले वोट

प्रदीप सक्सेना, बदायूं



- 2014 : कुल महिला वोटर- 7,90,507
- वोट डाले - 4,31,509
- 2019 : कुल महिला वोटर- 6,87,791
- वोट डाले - 3,89,657
- 2024 : कुल महिला वोटर- 9,33,496
- वोट डाले - 4,96,630

**नोट**-यह आंकड़े जिला निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई सूची से लिए गए हैं।

**अमृत विचार:** लोकतंत्र के महापर्व में हर बार की तरह इस बार भी आधी आबादी ने अपना पूरी जिम्मेदारी निभाई। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव से महिलाओं का प्रतिशत लगातार बढ़ता रहा है। पिछले चुनाव 2019 के मुकाबले इस बार 13 हजार से अधिक महिलाओं ने मतदान किया।

बदायूं लोकसभा सीट के लिए तीसरे चरण में सात मई को मतदान प्रक्रिया पूरी हो गई। जिसमें बदायूं संसदीय सीट पर 54.35 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने अधिकार का प्रयोग किया। तपती धूप में बदायूं के मतदाताओं ने अपने जोश को कम नहीं होने दिया। इसके बाद भी पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले तीन प्रतिशत मतदान कम हुआ। वोटर पोलिंग रिकॉर्ड को तोड़ने में कामयाब नहीं हो सके। पिछले दो लोकसभा चुनाव की तरह ही इस बार भी महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले मतदान किया। हालांकि महिलाओं का वोट प्रतिशत पुरुषों से कम रहा।

इसके बाद भी अन्य चुनावों की तरह इस बार भी उनके मत प्रतिशत में वृद्धि हुई। वर्ष 2014 लोकसभा चुनाव में महिला वोटरों की संख्या 7.90 लाख थी। इनमें से 4.31 लाख महिलाओं ने वोट डाले थे। वहीं 2019 लोकसभा चुनाव में महिला वोटरों की संख्या में 6.87 लाख थी। जोकि 2014 के चुनाव से 1,02,716 कम रही। या यूं कहें उनके मतदाता सूची से किसी न किसी कारणों से उनके नाम हटा दिए गए। 2019 लोकसभा चुनाव में 6.87 मतदाताओं में से 3.89 लाख महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 2024 में मतदाता सूची के अनुसार सभी विधानसभाओं में महिला मतदाताओं की संख्या 9.33 लाख थी। इनमें से 4,96,630 मतदाताओं ने वोट डाले। जो कि अन्य दो चुनावों के मुकाबले कहीं अधिक रहा। इस बार 13,451 ज्यादा महिलाओं ने मतदान किया।

## सड़क हादसे में बदायूं की महिला की मौत पति और बेटा घायल

**भमोरा/ बरेली अमृत विचार :** बदायूं का रहने वाला एक परिवार बिशारतगंज क्षेत्र के एक गांव में एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने आया था। लौटते समय बाइक में तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे महिला की मौत हो गई, वहीं उसका पति और बेटा घायल हो गए। बदायूं के अलापुर थाना क्षेत्र के गांव चितोरा निवासी रामचंद्र पत्नी रूपन देवी और बेटे जितेंद्र के साथ अपनी ससुराल बिशारतगंज थाना क्षेत्र के गांव गाड़ीघाट साले की लड़की की शादी में शामिल होने गुरुवार को आए थे। शुक्रवार दोपहर पत्नी और बेटे के साथ बाइक से वापस घर जाते समय आंवला भमोरा मार्ग पर सेंधा गांव के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे रूपन (45) समेत तीनों घायल हो गए। इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में रुपन की मौत हो गई। रामचन्द्र और बेटा जितेंद्र का इलाज जारी हैं। पुलिस ने ट्रक पकड़ लिया। चालक फरार हो गया।

## छुट्टा पशु से टकराकर पुलिया से गिरी बाइक, दो की मौत

संवाददाता, बिलसंडा(पीलीभीत)

- बिलसंडा क्षेत्र में कैंचुआ मोड़ पुलिया के पास हुआ हादसा
- रात भर पड़े रहे शव, शुक्रवार सुबह परिजनों को हुई जानकारी

**अमृत विचार:** छुट्टा पशुओं से टकराकर बाइक सवार दो लोग पुलिया से नीचे गिर गए। हादसे में दोनों की मौत हो गई। सूचना पर परिजनों का रो रोकर बुराहाल है। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ढकिया महक शांतिबाबू ने बताया कि उनके रिश्तेदार बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम बकैनिया ताल्लुके रामपुर अमृत के राहुल (26) पुत्र रामचंद्र लाल और उसके रिश्तेदार हरदोई जनपद के थाना गोकुल बेहटा क्षेत्र के ग्राम सिरोमन नगर के ईशूबाबू (23) पुत्र रमेश चंद्र काम के सिलसिले में गुरुवार देर शाम कनपरिया गांव गए थे। कैंचुआ मोड़ पुलिया के पास पहुंचते ही बाइक छुट्टा पशु से टकराने के बाद पुलिया से नीचे गिर गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों की जान चली गई। उधर, परिवार वाले देर रात तक वापस न आने पर तलाश कर रहे थे। दूसरे दिन शुक्रवार सुबह शव पड़े मिलने पर भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना मिलने पर परिवार वाले भी आ गए। बिलसंडा पुलिस ने मौका मुआयना कर शवों को

> सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।
> – अजय कुमार, इंस्पेक्टर बिलसंडा

## जिन बच्चों को लौटाया अब उनको बुलाने घर-घर जाएंगे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कक्षा एक में प्रवेश के लिए विशेष शिक्षा परिषद ने फिर बदला नियम
- इससे पहले 6 साल पूरे करने वाले बच्चों का ही लिया जा रहा था प्रवेश

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों में बच्चों की नामांकन प्रक्रिया शिक्षकों लिए सिरदर्द बन गई है। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा प्रवेश प्रक्रिया में नया आदेश जारी हुआ है। नए आदेश के तहत जिन बच्चों को छह साल की उम्र पूरी न होने की बात कहकर लौटा दिया गया था अब उनका भी कक्षा एक प्रवेश लिया जाएगा। इसके लिए शिक्षक बच्चों के घर जाएंगे। जिसके आदेश बीएसए ने जारी किए हैं।

बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा पहले आदेश जारी किया गया था कि जिन बच्चों की उम्र एक अप्रैल को छह वर्ष पूरी हो रही है। उनका ही कक्षा एक में प्रवेश लिया जाएगा। शासन के आदेश का हवाला देते हुए शिक्षकों द्वारा छह वर्ष की उम्र पूरी न करने वाले कक्षा एक में प्रवेश लेने के लिए आए बच्चों को वापस कर दिया गया। अब एक बार फिर से बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से नया आदेश जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है कि एक जुलाई को छह वर्ष की उम्र की आयु पूरी करने वाले बच्चों का दाखिला कक्षा एक में लिया जाए। ऐसे में शिक्षकों ने जिन बच्चों का दाखिला लेने से मना किया था। उसको वापस बुलाने के लिए फिर भाग दौड़ करनी पड़ेगी। एक अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है। लेकिन, बच्चों की संख्या बढ़ने की बजाए घट रही है। इसके लिए कहीं न कहीं आधार कार्ड की अनिवार्यता वजह माना जा रहा है। वहीं अप्रैल माह में छह साल की उम्र पूरी करने वाले बच्चे दाखिला लेने पहुंचे। लेकिन नियम के चलते शिक्षकों ने उनका दाखिला नहीं लिया। अब शासन ने आदेश में बदलाव कर दिया है। इसके तहत 31 जुलाई को छह साल की उम्र पूरी कर रहे बच्चों के दाखिले परिषदीय स्कूलों में लिए जाएंगे।

> कक्षा एक में प्रवेश लेने के लिए नियमों में परिवर्तन किया गया है। नए नियम के तहत जुलाई माह तक छह वर्ष की आयु पूरी करने वाले बच्चों का कक्षा एक में प्रवेश लिया जाएगा। जिसके निर्देश शिक्षकों को जारी कर दिए गए हैं।
> –स्वाती भारती, बीएसए

## हत्या को आत्महत्या दिखाने के लिए पेड़ से लटकाया किशोर का शव

संवाददाता, फतेहगंज पूर्वी (बरेली)

**अमृत विचार :** फतेहगंज पूर्वी के समीपवर्ती थाना कटरा के गांव हीरपुर में एक किशोर का शव पेड़ पर लटका मिला। परिजनों के अनुसार उनका 17 वर्षीय बेटा सुखबीर उर्फ नन्हें बहगुल नदी के किनारे जंगल में भैंसों को चराने गया हुआ था। दोपहर में उसका भाई उसे खाने का टिफिन देकर वापस लौट आया, वही तकरीबन तीन बजे के करीब नदी के किनारे निकलने वाले लोगों ने किशोर की एक पेड़ पर फंदे पर लटकने की सूचना दी। जानकारी होने पर परिजन पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। परिजनों के अनुसार उनका गांव के ही एक अनुसूचित जाति के परिवार से दुश्मनी चल रही हैं । आरोप है कि उस परिवार के लोगों ने मृतक के तहेरे भाई पर दुष्कर्म का आरोप लगवाकर जेल भिजवा दिया था जो इस समय जेल से छूट गया था। इसलिए बदले की भावना से आरोपियों ने युवक की जंगल में पीट- पीटकर हत्या कर दी, उसके बाद हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए पेड़ से लटका दिया, जिसके पैर जमीन से छू रहे थे।युवक के परिजनों ने दो लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने एक आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। परिजनों का आरोप है कि सुखबीर को पहले भी कई बार घेरकर मारपीट की कोशिश की गई थी, लेकिन उसने भागकर जान बचा ली थी। शुक्रवार को उसे जंगल में अकेला पाकर उसकी हत्या कर दी।

> अभी परिजनों से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है. तहरीर मिलने पर करवाई की जाएगी।
> –गौरव त्यागी, प्रभारी निरीक्षक थाना कटरा

> जंगल में एक युवक की पेड़ पर लटकने की सूचना मिली है, पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची है। टीम ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तहरीर मिलने पर आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।
> -प्रियांक जैन, सीओ तिलहर

### जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

**जलालाबाद।** हत्या के प्रयास में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक हरिपाल सिंह ने बताया कि बृजेंद्र सिंह निवासी पलिया थाना तालग्राम जिला छिबरामऊ को जान से मारने की धमकी देने पर आरोपी राकेश सिंह, पंकज सिंह, दुर्गेश सिंह निवासी औरंगाबाद थाना मिर्जापुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस ने शुक्रवार सुबह साढ़े नौ बजे जलालाबाद बस अड्डे पर पंकज सिंह तथा दुर्गेश सिंह को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि बृजेंद्र सिंह व उसके भाई देवेंद्र सिंह से गेहूं काटने को लेकर 16 अप्रैल को विवाद हो गया था। इस दौरान देवेंद्र सिंह को कुल्हाड़ी से घायल कर दिया था।

### महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**शाहजहांपुर।** मदनापुर क्षेत्र में दो मई को एक महिला ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली थी। महिला के पति ने दूसरे गांव के 21 वर्षीय युवक पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसे पुलिस ने शुक्रवार दोपहर नवादा रुद्रपुर चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। थाना मदनापुर के एक गांव निवासी व्यक्ति ने तीन मई को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी पत्नी ने फंदे पर लटकर आत्महत्या कर ली है। उसने बताया कि आत्महत्या के पीछे वजह यह है कि थाना क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर निवासी सुदेश कुमार उर्फ इंचार्ज ने उसकी पत्नी की आपत्तिजनक वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी दी थी और गाली-गलौज भी करता रहता था। इससे उसकी पत्नी अवसाद में रहने लगी थी। इसी के चलते पत्नी ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सुदेश के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और गाली-गलौज की धारा में रिपोर्ट दर्ज की थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी सुदेश कुमार उर्फ इंचार्ज को शुक्रवार दोपहर 12 :40 बजे नवादा रुद्रपुर चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

### किसान पर बाघ का हमला देख ग्रामीणों में खौफ

**पूरनपुर।** खेत पर सिंचाई कर रहे किसान पर बाघ ने हमला दिया। चीख-पुकार पर बेटे और मजदूर ने बमुश्किल किसान को बचाया। हमला करने के बाद बाघ जंगल में चला गया। हमले में लहूलुहान हुए किसान को इलाज के लिए पूरनपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। हरीपुर रेंज के गांव ढक्का चांट के रहने वाले जीत सिंह का खेत मौजा बिनौरा में जंगल के किनारे है। शुक्रवार को जीत सिंह अपने पुत्र गुरजीत सिंह और मजदूर राजेंद्र सिंह के साथ गन्ने की फसल की सिंचाई कर रहे थे। इस दौरान अचानक जंगल से निकले बाघ ने किसान जीत सिंह पर हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर गुरजीत और राजेंद्र पहुंच गए। दोनों ने शोर-शराबा कर किसान को बाघ के चंगुल से छुड़ाया। हमले में जीत सिंह की गर्दन और पीठ पर घाव हो गए। बाघ के हमले की जानकारी लगते ही काफी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। वन विभाग की टीम ने भी जंगल किनारे पहुंचकर जांच पड़ताल की। बाघ के हमले के बाद खेतों में काम कर रहे अन्य किसान भी दहशत के चलते काम छोड़कर घर लौट गए। गंभीर रूप से घायल किसान को पूरनपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया।

## पिता की हत्या के प्रयास में बेटे को दस वर्ष की कैद

शाहजहांपुर कार्यालय

- वर्ष 2022 में थाना सेहरामऊ दक्षिणी के गांव चांदापुर में हुई थी घटना
- जमीन के बंटवारे की रंजिश में तमंचे से पिता को पीठ से सटाकर मार दी थी गोली

**अमृत विचार:** जमीन के बंटवारे की रंजिश में पिता पर जानलेवा हमले के आरोपी बेटे को कोर्ट ने 10 वर्ष के कारावास और 15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

गांव चांदापुर निवासी अमित कुमार ने बताया कि पिता अहिबरनलाल 16 अप्रैल 2022 की रात 8:15 बजे उसके घर से खाना खाकर अपने घर जा रहे थे। मुनेश के घर के सामने पहुंचते ही जमीन बंटवारे की रंजिश में पिता अहिबरनलाल को भाई अखिलेश ने पीठ में सटाकर गोली मार दी। अमित की तहरीर पर रात 12:36 बजे अखिलेश कुमार के खिलाफ धारा 307, 504, 506 के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई। विवेचना के दौरान अखिलेश की निशानदेही पर 315 बोर का तमंचा व खोखा कारतूस बरामद किया गया। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-13 में मुकदमे की सुनवाई के दौरान गवाहों के बयान और शासकीय अधिवक्ता भावशील के तर्कों को सुनने के बाद पत्रावली का अवलोकन कर दोष सिद्ध होने पर न्यायाधीश कृष्ण लीला यादव ने अभियुक्त अखिलेश को 10 वर्ष के कारावास की सजा और 15 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

**जल ही जीवन है** घड़े का पानी रखता है शरीर को शीतल और रोगमुक्त

## तपती धूप और गर्मी ने बढ़ा दी घड़ों की बिक्री

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



दुकानों पर रखे घड़े। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गर्मियों में फ्रिज के पानी पर घड़े का पानी भारी पड़ता है । अधिकांश शहरी लोग घड़े खरीद कर घरों में रखते हैं। मिट्टी के घड़े के पानी की सुगंध लोगों को अधिक स्वादिष्ट लगती है। घड़ों की बिक्री अधिक होने से कुम्हारों के चेहरों पर चमक आ गई है।

मिट्टी के घड़े बनाने वाले कुम्हारों का कहना है कि जब तक गर्मी रहेगी तब तक घड़ों की बिक्री होगी। करीब चार महीने पहले से वे मिट्टी के घड़े बनाने लगते हैं । ताकि गर्मियों में मांग पूरी कर सकें। उसके बाद जब बारिश शुरू हो जाती है तब घड़ों की बिक्री कम हो जाती है। अभी घड़ों की बिक्री ठीक हो रही है। कुम्हारों का कहना है कि मिट्टी महंगी होने के कारण घड़े भी महंगे बिक रहे हैं। जो टोंटीदार घड़ा पिछले साल 80 रुपए का था वह इस साल 120 का बिक रहा है जबकि सबसे बड़े घड़े 150 के बिक रहे हैं । बिक्री ठीक हो रही है। शहर के लोग टोटी लगे हुए घड़े अधिक खरीदते हैं।

> मिट्टी के घड़े का पानी शुद्ध होता है। उसमें पानी के पोषक तत्व मौजूद रहते हैं जिससे पानी की सुगंध बढ़ जाती है। जबकि फ्रिज में रखे हुए पानी ठंडा अधिक होने से उसके तत्व कम हो जाते हैं। फ्रिज का पानी शरीर के लिए हानिकारक सिद्ध होता है। घड़े का पानी पीने से गला तर हो जाता है जबकि फ्रिज का पानी पीने से प्यास जल्दी लगती है। वह हल्का होता है।
> –डा. राघवेन्द्र मोहन– क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी

## शहर में आज

- भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति द्वारा मांगों को लेकर विद्युत उपखंड नदरई पर धरना प्रदर्शन सुबह नौ बजे से।
- परशुराम जयंती पर शहर में परशुराम शोभा यात्रा बड़ी होली स्थित मंदिर से शाम चार बजे से।
- सीतराम सेवा समिति द्वारा पटियाली के गांव बहोरनपुर स्थित मोनी बाबा मंदिर पर मेले का शुभारंभ शाम छह बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा श्रीवराह मंदिर से हरि की पौड़ी परिक्रमा शाम सात बजे से।

## एक नजर

### गैंगस्टर के दोषी को कोर्ट ने सुनाई सजा

**कासगंज।** थाना गंजडुंडवारा के संबंधित गैंगस्टर के मामले में आरोपी मुहम्मद जफर निवासी गांव पचौखरा थाना गंजडुंडवारा को न्यायालय में दोषी करार दिया है। न्यायालय ने आरोपी को पांच साल की सजा एवं पांच हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता जितेश कुमार ने की है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**कासगंज।** कोतवाली पटियाली से संबंधित दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे वांछित आरोपी को पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि आरोपी नन्नू निवासी मोहल्ला मुन्नाटोल कस्बा पटियाली के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था। आरोपी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ रहा था। जबकि पुलिस गिफ्तारी के प्रयास कर रहे थी। शुक्रवार के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। जहां से जेल भेजा है।

### घर की छत से गिरकर बालक घायल

**कासगंज।** शहर के मोहल्ला नाथूराम लवकुश नगर में घर की छत पर खेल रहा 13 वर्षीय राहुल पुत्र नीरज अचानक नीचे आ गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए शहर के निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने घायल का प्राथमिक उपचार किया। सिर में गंभीर चोट आने के कारण गहन चिकित्सा के लिए हायर सेंटर रेफर किया है। परिजन उसे आगरा ले गए हैं।

# पत्नी के स्थान पर पति ने की चुनाव ड्यूटी आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

## लापरवाही के आरोप में पीठासीन अधिकारी और महिला कर्मिक निलंबित, जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** महिला कर्मचारी के स्थान पर उसके पति ने ड्यूटी चुनाव के दौरान पोलिंग पार्टी में मतदान कार्मिक तीन के रूप में काम किया। जबकि महिला कर्मचारी की ड्यूटी मतदान कार्मिक दो के रूप में लगी थी। मगर प्रेक्षक के निरीक्षण में फर्जीवाड़ा खुल गया। इसके बाद पत्नी के स्थान पर मतदान कार्य करने वाले पति के विरुद्ध धोखाधड़ी की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई।

एफआईआर पीठासीन अधिकारी ने लिखाई है। वहीं, लापरवाही के आरोप में पीठासीन अधिकारी और महिला कार्मिक रेखा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन सोरों क्षेत्र में पोलिंग पार्टी संख्या 809 में महिला कार्मिक रेखा शामिल थी। उनकी ड्यूटी पोलिंग पार्टी मतदान कार्मिक दो के रूप में लगाई गई थी। मगर किसी कारण वश वह कुछ देर के लिए अपने दायित्व का निर्वहन न करके पोलिंग बूथ संख्या 6 से हट गईं। यहां रेखा के स्थान पर उनके पति प्रेम सिंह चुनाव कार्य करने लगे, वो भी गलत तरीके से। वह पोलिंग पार्टी के मतदान कार्मिक तृतीय के रूप में कार्य करने लगे और मतदाताओं की उंगली पर स्याही लगा रहे थे। इसी दौरान अचानक सामान्य प्रेक्षक ललित कुमार वहां पहुंच गए। उन्होंने महिला कार्मिक की जगह उसके पति को कार्य करते देख लिया। इस पर उन्होंने तत्काल प्रभाव से एफआईआरदर्ज करने का आदेश दिया। इसके बाद पीठासीन अधिकारी मोहम्मद जफर ने एफआईआर के लिए तहरीर दी। उनकी तहरीर पर एफआईआर दर्ज हो गई है। प्रशासन ने पाया है कि इस चूक में कहीं न कहीं पीठासीन अधिकारी की लापरवाही रही है। ऐसे में वे भी दोषी हैं। पीठासीन अधिकारी रहे मोहम्मद जफर बेसिक शिक्षा विभाग में प्रधान अध्यापक हैं। बेसिक शिक्षा विभाग ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। रेला पंचायत राज विभाग में सफाई कर्मचारी है। उसे डीपीआरओ ने निलंबित कर दिया है।

- **मतदान के दौरान सामान्य प्रेक्षक ने पकड़ा था मामला, इसके बाद हुई कार्रवाई**

> पीठासीन अधिकारी मोहम्मद जफर की चुनाव ड्यूटी के दौरान लापरवाही की जानकारी मिली है। उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी को सौंप दी गई है।
> **-राजीव कुमार**, बीएसए

> मेरी कोई गलती नहीं है। कुछ पल के लिए मैं कार्य में अधिक व्यस्त हो गया था। इसलिए महिला कार्मिक ने अपने पति को मतदान कार्य के लिए लगा दिया। मेरी छोटी सी चूक के लिए मुझे सजा मिल रही है। **-मोहम्मद जफर** पीठासीन अधिकारी

> सफाई कर्मचारी रेखा की ड्यूटी मतदान कार्य में लगी थी। उसने अपनी जगह पति को मतदान कार्य में लगाया था। इसके लिए रेखा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।
> **- देवेंद्र सिंह**, डीपीआरओ

## पुलिस ने मोबाइल लूट का आरोपी दबोचा

**कासगंज, अमृत विचार :** सदर कोतवाली पुलिस ने राह चलते लोगों से मोबाइल छीनने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से राहगीरों से छीने गए दो मोबाइल बरामद हुए।

जिले में राहगीरों से मोबाइल छीनने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। पकड़ा जाने वाला आशीष कश्यप निवासी गांव महदवा थाना अमांपुर है। थाने में पूछताछ के दौरान आरोपी ने मोबाइल छीनने की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी ने नौ मई को एक व्यक्ति से मोबाइल छीना था। इस मामले में थाने में मुकदमा दर्ज था। इंस्पेक्टर राम वकील सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध थाना अमांपुर में पॉक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज है। उसके कब्जे से छीने गए दो मोबाइल बरामद हुए हैं। आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। न्यायालय ने आरोपी को जेल भेजा है।

# जैविक खेती से सुधरी माटी की सेहत, बढ़े पोषक तत्व

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** जिले में लंबे समय से माटी की सेहत खराब हो रही थी। पोषक तत्व असंतुलित होते जा रहे थे। यह समस्या उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से बढ़ रही थी, लेकिन अब जैविक खेती के प्रति किसानों का रुझान बढ़ा है, जिससे मिट्टी में पोषक तत्व संतुलित होने लगे हैं। प्रयोगशाला की रिपोर्ट इसकी पुष्टि हुई है।

एक समय था जब खेती लागत कम और पैदावार अधिक होती थी। लगभग डेढ़ दशक पहले किसान बैलों से हल चलाकर खेती करते थे। उर्वरकों के प्रयोग के स्थान पर पशुओं के गोबर से बनी खाद खेतों में डालते थे। उस समय फसलों में पैदावार अधिक होती थी, जबकि लागत कम लगती थी। मगर जैसे-जैसे उर्वरकों का प्रयोग बढ़ता गया वैसे-वैसे मिट्टी की सेहत खराब होती गई। मिट्टी में पोषक तत्व असंतुलित होने लगे। धीमे-धीमे मिट्टी में फास्फोरस की मात्रा प्रति हेक्टेयर 10 किलोग्राम से कम पहुंच गई। मगर अब मिट्टी की सेहत सुधरने लगी है। डब्लूडब्लूएफ की टीम के प्रयास भी इसमें रंग लाए हैं। अफसर किसानों को जागरूक कर रहे हैं।

- **डब्लूडब्लूएफ की जांच में मिट्टी में पोषक तत्व संतुलित पाए गए**

### आंकड़ों पर एक नजर

- जैविक कार्बन 0.80-1.0
- नाइट्रोजन 528 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर
- फस्फोरस 40 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर
- पोटेशियम 250 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर
- सल्फर 15 पीपीएम

> किसानों के जैविक खेती के प्रति जागरूकता दिखाई है। किसान जैविक खेती के साथ जीवामृत खेती भी कर रहे हैं। जिससे मिट्टी में पोषक तत्वों की मात्रा संतुलित हुई है। कृषि विभाग की प्रयोगशाला में जिन किसानों ने जांच कराई है उनकी रिपोर्ट का भी अवलोकन किया है। **- हिमांशु कुमार**, परियोजना अधिकारी डब्ल्यूडब्ल्यूएफ

# स्वस्थ जीवन जीने के लिए संतुलित आहार बेहद जरुरी



पोषण सप्ताह कार्यक्रम में शामिल छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

- **कलावती नर्सिंग एंड पैरामैडिकल इंस्टीट्यूट में मनाया पोषण सप्ताह**

**अमृत विचारः** शुक्रवार को कलावती नर्सिंग एंड पैरामैडिकल इन्स्टीट्यूट में एएनएम प्रथम वर्ष की छात्राओं ने पोषण सप्ताह मनाया। इसमें छात्रा आयुषी धनगर, वर्षा भारती, दिशा, ज्ञान देवी, मोहिनी, नन्दिनी, नीतू, मुस्कान, नीरू ने बताया कि संतुलित आहार किस तरह हमारे जीवन को प्रभावित करता है और स्वस्थ रहने में मददगार होता है।

इस मौके पर संस्था के चेयरमेन डा. नवीन चन्द्र गौड़ ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वस्थ आहार आवश्यक है। प्रशासनिक अधिकारी प्रोफेसर मुनेश कुमार ने कहा कि संतुलित आहार में खाद्य पदार्थों का चयन करना एवं सही अनुपात में खाना हमारे आहार को गुणकारी एवं संतुलित बनाने का एक अच्छा तरीका है। छात्राओं ने चार्ट, पम्पलेट और पट्टिकाओं के माध्यम से बताया कि संतुलित आहार में कार्बोहाइड्रेट से 60-70% कैलोरी, प्रोटीन से 10-12 एवं वसा से 20-25% कैलोरी प्राप्त होती है। इस अवसर प्राचार्य विष्णु कुमार नामा, प्रोफेसर लोकेश कुमार, भारती, धर्म सिंह, पूजा आदि रहे।

# अक्षय तृतीया पर खूब हुई धनवर्षा, सात करोड़ का कारोबार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** अक्षय तृतीया पर जमकर धनवर्षा हुई। सराफा बाजार में दिनभर ग्राहकों की भीड़ रही। अक्षय तृतीया पर जिले भर में एक दिन में बुधवार को सात करोड़ का कारोबार हुआ। इससे सर्राफ कारोबारी खासे खुश हैं। उनका कहना है कि विदेशी मुद्रा में आयी तेजी और अक्षय तृतीया के कारण सोने-चांदी के भाव में इजाफा हुआ, जिससे पिछले साल की अपेक्षा ज्यादा कारोबार हुआ।

जानकारों के अनुसार पूरे जिले में छोटे-बड़े मिलाकर एक हजार सराफा कारोबारी हैं। सबसे ज्यादा दुकानें शहर में हैं। अक्षय तृतीया को लेकर सराफा कारोबारियों ने पहले से तैयारी कर रखी थी। इस साल सोने-चांदी के कुछ नई डिजाइनों के जेवर बाजार में आए हैं। सराफा कारोबारियों के मुताबिक अक्षय तृतीया पर हर साल अच्छा कारोबार होता है। पिछले वर्ष अक्षय तृतीया पर लगभग चार करोड़ का कारोबार हुआ था। इस वर्ष सोने की कीमतें काफी बढ़ी हुई हैं। इससे जिले में करीब सात करोड़ का कारोबार होने का अनुमान है। अच्छा कारोबार होने से सराफा व्यापारी खुश हैं।

मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन सोने से बने आभूषण या सोना खरीदना कल्याणकारी होता है। इसी के चलते लोगों ने अपनी सामर्थ के अनुसार सोने-चांदी के आभूषण एवं सोने की खरीददारी की। सराफा बाजार में सोने-चांदी की बढ़ी कीमतों के बावजूद लोगों ने इस साल जमकर खरीदारी की। सराफा बाजार में दुकानों पर शुक्रचार को दिन भर भीड़ देखी गई।



शहर में एक दुकान पर सोने-चांदी के आभूषण खरीदतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

> अक्षय तृतीया पर्व पर इस बार बहुत अच्छा कारोबार रहा है। ईश्वर ने बहुत कुछ हमें दिया है। इस पर्व को लेकर कई दिन पहले से तैयारी की गई थी। अच्छा कारोबार होने से सभी व्यापारी बेहद खुश हैं।
> **- योगेश चंद**, सराफ



> विदेशी मुद्रा मे आयी तेजी एवं अक्षय तृतीया के कारण सोने चांदी के भाव में काफी इजाफा हुआ है। सोने में 1200 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी में 1500 रुपये प्रति किलो की तेजी आई है। अबकी अच्छा कारोबार हुआ।
> **- दीपक गुप्ता**, सराफ



> तृतीया पर पिछले साल लगभग चार करोड़ का कारोबार हुआ था। महंगाई के कारण इस बार अच्छे कारोबार की उम्मीद नहीं थी। फिर भी अपेक्षित कारोबार हुआ हैं। जिले भर में करीब सात करोड़ का कारोबार हुआ होगा।
> **- आशीष केला**, सराफ



- **बाजार में सराफा की दुकानों पर दिनभर रही ग्राहकों की भीड़ कारोबारी खुश**

### लोगों ने घरों में की विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा

**कासगंज।** अक्षय तृतीया को शुभ दिन माना गया है। इस दिन दान पुण्य करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। असूझ सहालग होने से शादियों की धूम रही। बैसाख महीने की शुक्ल पक्ष की तृतीया को अक्षय तृतीया कहा जाता है। शादी विवाह के लिए भी दिन बहुत शुभ होता है। हिदू मान्यताओं के अनुसार इस दिन ऐसे विवाह भी हो जाते हैं जिन विवाहों की कोई शुभ तिथि नहीं निकलती है। अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु एवं मां लक्ष्मी की पूजा का विधान है। शुक्रवार को शहर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हुए। शादी समारोहों की भी धूम रही। शहर के सभी होटल, मैरिज होम, धर्मशालाएं मैरिज गार्डन बुक थे और उनकी सजावट देखते ही बन रही थी। सुबह से ही निकरोसी और देर शाम को बारात चढ़ने का सिलसिला हुआ। शहर के विभिन्न मार्गों पर बैंड बाजों के स्वर सुनाई दिए। बरातों की अधिकता से शहर भर में जाम की स्थिति रही।

# रफ्तार का कहरः अलग-अलग आठ सड़क हादसों में 12 लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **कासगंज, सोरों, सहावर इलाके में हुईं दुर्घटनाएं, कई लोग गंभीर**

**अमृत विचार :** जिले में तेज रफ्तार की वजह से 24 घंटे में अलग-अलग स्थानों पर आठ सड़क हादसे हुए, जिनमें 12 लोग घायल हो गए। 10 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया गया।

सहावर थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार प्रमोद कुमार पुत्र कमलेश निवासी हजरतपुर थाना मिरहची जिला एटा घायल हो गया। पुलिस ने घायल प्रमोद कुमार को कासगंज जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। वहीं सोरों कोतवाली क्षेत्र के गोरहा नहर पर डीएस कॉलेज के समीप सामने से आ रही कार को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इसमें आवास विकास कॉलोनी निवासी 66 वर्षीय मूलचंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। तीसरी घटना कासगंज कोतवाली क्षेत्र में मथुरा-बरेली हाईवे पर गुरुवार देर शाम नगला बंजारा के समीप हुई। जहां बाइक सवार दो युवकों को किसी वाहन ने रौंद दिया। इसमें बाइक पर सवार नगला बंजारा निवासी विकास कुमार और वहीं का टीकम सिंह घायल हो गए। वहीं नगर कोतवाली क्षेत्र के बाईपास मार्ग पर गांव तबालपुर निवासी 30 वर्षीय अवधेश को पीछे से बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इससे अवधेश घायल हो गया। सदर कोतवाली क्षेत्र के अमरपुर घाट के समीप हुए सड़क हादसे में 30 वर्षीय रामवीर सिंह घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

कोतवाली क्षेत्र के नगला कोठी निवासी मनोज कुमार सड़क हादसे में घायल हुए हैं। क्षेत्र के गांव नगला बंजारा के समीप दुर्घटना हुई। उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। सड़क हादसे की सातवीं घटना में अलीगढ़ जनपद के गांव जीवाराम निवासी रुबी पत्नी रजनेश घायल हुई हैं। यह घटना गांव कुरामई के पास हुई। इस घटना में रुबी के पति रजनेश को भी चोटें आई हैं। सोरों कोतवाली क्षेत्र में दो बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में नगला राधे निवासी 33 वर्षीय वीरेश कुमार और दूसरी बाइक पर सवार सोरों क्षेत्र के सागरपुर गांव निवासी 30 वर्षीय जगदीश, गंगावास निवासी 40 वर्षीय भजनलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को एम्बुलेंस में जिला अस्पताल ले जाया गया।

## बाइक सवार पर जानलेवा हमला, लूट का आरोप

**कासगंज, अमृत विचार :** बाइक सवार युवक से जानलेवा हमला और लूटपाट का आरोप है। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है।

एफआईआर अमांपुर थाना क्षेत्र के परतापुर निवासी अश्वनी सिंह पुत्र ग्रीश चंद्र ने दर्ज कराई है। अश्वनी सिंह के अनुसार उनका भाई अतुल अपने दोस्त जितेंद्र के साथ बाइक पर गांव जा रहा था। देवपुर के समीप कुछ लोगों ने बाइक सवार को रोक लिया और गाली गलौज की। आरोप है कि देवपुर निवासी सुखपाल, शेखर, ममतेश, अनुज एवं नगला इंद्रजीत निवासी विजेंद्र के हाथों में तमंचे थे, जिन्होंने अतुल के साथ मारपीट की। इसका विरोध करने पर तमंचे से फायर किया, जिससे अतुल बाल-बाल बच गया। आरोपियों ने अतुल के गले से सोने की जंजीर भी तोड़ ली। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

# गर्मी से हर कोई बेहाल, डायरिया के मरीज बढ़े

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

**अमृत विचारः** मई में गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। शुक्रवार सुबह से कड़ी धूप और गर्मी महसूस होने लगी। दोपहर होते-होते गर्मी इतनी तेज हो गई कि सड़कों और बाजारों में सन्नाटा नजर आने लगा। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री दर्ज किया गया। गर्मी तेज होने से जिला अस्पताल में डायरिया के मरीज बढ़ने लगे हैं।

शुक्रवार को गर्मी ने सुबह से ही अपने रंग दिखाने शुरू कर दिए थे। हालात यह थे कि नहाकर निकले लोग भी चंद मिनट बाद ही पसीने से तरबतर हो रहे थे। पंखे तो पहले ही फेल हो चुके हैं। अब कूलर भी गर्मी से राहत नहीं दे पा रहा है। ऐसे में बच्चे और महिलाएं भी परेशान हैं। जिन बाजारों में हर समय रौनक रहती है, वहां इक्का दुक्का लोग नजर आए। वहीं राहगीर पानी, कोल्ड ड्रिक और जूस पीकर एनर्जी लेने की कोशिश करते रहे। जूस और आइसक्रीम के ठेलो पर लोग दिखाई दिए। बदलते मौसम में सेहत का ध्यान जरूरी है। लोग शीतलपेय पदार्थ में बर्फ का प्रयोग कर रहे हैं, जो सेहत के लिए बेहद नुकसानदायक हो सकती है।



जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती मरीज। ● अमृत विचार

- **शीतल पेय पदार्थ बन सकते हैं सेहत के लिए खतरा, सेवन करते समय रखें सतर्कता**




भीषण गर्मी के चलते राहत पाने को पानी पीता बालक। ● अमृत विचार

**आयोजन** संकट मोचन धाम में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित, न्यायिक और प्रशासनिक अधिकारियों ने नवदंपतियों को दिया आशीष

# अग्नि के सात फेरे लेकर 11 जोड़े बने जीवन साथी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** संकट मोचन धाम सैलई के 34वें वार्षिकोत्सव के तहत अक्षय तृतीया पर शुक्रवार को निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया गया। इस अवसर पर 11 नवयुगल अग्नि के साथ फेरे लेकर जीवन साथी बने। संकट मोचन धाम ट्रस्ट की ओर से नवयुगलों को दान दहेज दिया गया। नवदंपतियों को न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया।

संकट मोचन धाम सैलई के 34वें वार्षिक जयंती समारोह पर शुक्रवार को संकट मोचन धाम सैलई में भगवान श्री परशुराम की जयंती मनाई गई। भगवान का पूजन किया गया। भंडारा हुआ। इसके बाद निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहले से निर्धारित 11 जोड़ों को सनातन धर्म की मान्यता के अनुसार विवाह की रस्में पूरी कराई गईं। संकट मोचन धाम ट्रस्ट द्वारा सभी जोड़ों को घरेलू सामान दान दहेज के रूप में दिया गया। कार्यक्रम में पहुंची न्यायिक अधिकारी वीरभद्र दुबे एवं एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि संकट मोचन धाम द्वारा निर्धन कन्याओं के विवाह का आयोजन सराहनीय कार्य है।

उन्होंने इसके लिए ट्रस्ट के संयोजक सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति पीएन पाराशर एवं अध्यक्ष दिनेश पाराशर, मुख्य संयोजक डा. सुरेंद्र गुप्ता, व्यवस्थापक अमित वशिष्ठ के प्रयासों के सराहना की। अतिथियों ने नवयुगलों को सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। पीएन पाराशर ने अतिथियों एवं आगंतुकों का आभार जताया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पालिकाध्यक्ष मीना माहेश्वरी, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेंद्र बौहरे, व्यापारी नेता जितेंद्र वार्ष्णेय, रवि पाराशर, सोरों नगर पालिकाध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे, अनुपम शर्मा, दिनेश पाराशर, दिव्या शर्मा, राजेंद्र मिश्रा, जयप्रकाश पाराशर, राम आसरे पचौरी, दिव्या शर्मा, तरुण शर्मा, मौजूद रहे।



सामूहिक विवाह कार्यक्रम में नव दंपतियों को आशीष देने पहुंचे अतिथि। ● अमृत विचार



संकट मोचन धाम में कन्याओं को दान में देने के लिए रखा सामान।

# केजरीवाल को जमानत मिलने पर खुशी से झूम उठे आप कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक को सर्वोच्च न्यायालय से अंतरिम जमानत दिए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। शुक्रवार को जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया।

जिला कार्यालय पर खुशी इजहार कर रहे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिलाध्यक्ष सुधाकर यादव ने कहा कि यह संविधान और देश की न्याय व्यवस्था की जीत है। उन्होंने कहा कि सत्यमेव जयते के आधार पर चलने वाली न्याय व्यवस्था पर देश की 134 करोड़ जनता का अटूट विश्वास है। यही विश्वास आज और मजबूत हो गया, जब न्यायालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री को अंतरिम जमानत दी है। उन्होंने कहा कि इस जमानत से यह स्पष्ट हो गया है कि देश में न्याय व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी है। कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे लगाए। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता संतोष कुमार राजपूत, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमल कुमार गोला, तपन चौहान, राम सिंह, खुशी राम, मनोज कश्यप, संजय राजपूत आदि मौजूद रहे। जिला कार्यालय पर हुए कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ता ढोल नगाड़ों के साथ शहर के सरकुलर रोड पर ढोल नगाड़ों की धुन पर झूमते रहे। कार्यकर्ताओं ने जेल के ताले टूट गए, केजरीवाल छूट गए के नारे लगाए।



शहर के सरकुलर रोड पर ढोल नगाड़े की धुन पर नाचते आप कार्यकर्ता।

- **जिला कार्यालय पर मिठाई वितरित की गई, सर्वोच्च न्यायालय के प्रति जताया आभार**

## एक नजर

### 14 को मनाई जाएगी गंगा सप्तमी, तैयारी तेज

**सोरों जी।** तीर्थ नगरी सोरों जी में गंगा सप्तमी 14 मई को मनाई जाएगी। इस अवसर पर हरपदीय गंगा स्थित बराह घाट पर सुबह 8 बजे मां गंगा का दूधाभिषेक कर पूजन और गंगा लहरी का पाठ किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से सोमेश्वर वाले घाट से मां गंगा की भव्य शोभायात्रा झांकियों और बैंड बाजा के साथ निकाली जाएगी। शाम 7 बजे हरपदीय गंगा के चारों तरफ दीपदान किया जाएगा। शाम 8 बजे से बाहर के कलाकारों द्वारा भजन संध्या का आयोजन भव्य तरीके से किया जाएगा। सामुदायिक केंद्र पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा । उक्त जानकारी गंगा सभा के अध्यक्ष कैलाश कटारे महामंत्री बबलू पंडित ने दी है।

### मतदान कर्मियों को मानदेय दिलाने की मांग

**कासगंज :** मतदान कर्मियों को मानदेय नहीं मिला है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष अमित यादव ने डीएम और सीडीओ को पत्र भेजकर मतदान कर्मियों को जल्द भुगतान कराने की मांग उठाई है। शासन को भी पत्र की प्रतिलिपि भेजी है।

### नहर में पानी छोड़ने की मांग

**कासगंज :** गोरहा नहर से जुडे.माइनर और बंबे सूखे पडे.हैं। इससे किसान परेशान हैं। गोरहा के प्रकाश, नगला बंजारा के हरिओम के अलावा नगला भूड और लोहर्रा के किसानों ने बंबे में पानी छोड़े जाने की मांग की है।

# जिले भर में हर्षोल्लास से मनाया परशुराम जन्मोत्सव

## शहर और कस्बों में आयोजित हुए धार्मिक अनुष्ठान, शहर के बड़ी होली व कपिल मुनि धर्मशाला में भंडारा आयोजित

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** जिले भर में शुक्रवार को परशुराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। शहर और कस्बों में धार्मिक अनुष्ठान किए गए। इस अवसर पर तमाम जगह हवन आयोजित किए गए, जिनमें आहुति देकर विश्व कल्याण के लिए कामना की गई। शहर में बड़ी होली स्थित परशुराम मंदिर में हवन पूजन के बाद भंडारा आयोजित हुआ।

शहर के गली पचौरियान स्थित कपिल मुनि धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा, महासचिव चंद्रभूषण द्विवेदी एवं कोषाध्यक्ष हरीश पाठक ने समाज की एकता पर बल दिया। उन्होंने परशुराम की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए एवं यज्ञ में आहुतियां दीं। इस मौके पर रामअवतार शर्मा, किशन चंद्र शर्मा, अरविंद पांडे, दुर्गेश दुबे, विशाल पांडे, गोपाल पांडे, दिनेश मिश्रा, नीरज भारद्वाज, महेश दीक्षित, अमित पाठक, सुबोध भारद्वाज, विकास अवस्थी, अनुपम त्रिपाठी, ईशू शर्मा, मयंक गौतम, विवेक वशिष्ठ, संदीप मिश्रा, सुनहरी लाल, योगेश भारद्वाज, आदित्य दीक्षित, प्रेम शंकर, मुकेश शर्मा, राकेश शर्मा, सुशील शर्मा, राकेश मिश्रा, गजेंद्र वशिष्ठ, विष्णु वेद प्रकाश, हरिओम, संदीप मिश्रा, राघवेन्द्र शर्मा, अनिल गौतम, जितेंद्र गौतम आदि मौजूद रहे।

शहर के बड़ी होली स्थित परशुराम मंदिर में शुक्रवार सुबह को हवन और दोपहर को भंडारा हुआ। इसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर योगेश चंद्र गौड़, डा. नवीन गौड़, डा. अखिलेश चंद्र गौड़, चकरेश गौड़, निम्मू गौड़, प्रेमचंद्र मिश्रा, अनिल मिश्रा, देवेंद्र शर्मा, अमरेश चंद्र गौड़, विनीत शर्मा आदि मौजूद रहे। शहर के आवास विकास स्थित परशुराम चौक पर ब्राह्मण समाज के लोगों ने भगवान पर परशुराम का दुग्धाभिषेक किया। इसके बाद हवन पूजन कर प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के महिला एवं पुरुषों ने बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लिया। दोपहर बाद भंडारा हुआ। इस मौके पर सुदेश शर्मा, अनुपम त्रिपाठी ,बिल्लू पंडित, सुमित उपाध्याय, मोनू शर्मा, अरविंद पांडे, दिनेश मिश्रा, प्रमोद ,सरला देवी, सरिता शर्मा, मुन्नी भारद्वाज, रेशम देवी, रजनी उपाध्याय रहे।


तीर्थ नगरी सोरों के हरि की पौड़ी स्थित परशुराम मंदिर में आरती में शामिल श्रद्धालु।


आवास विकास स्थित परशुराम चौक पर हवन में आहुति देते ब्राह्मण समाज के लोग।


परशुराम जन्मोत्सव पर धार्मिक अनुष्ठान करते आयोजक।

### तीर्थ नगरी में जगह-जगह हुए अनुष्ठान

**सोरों :** तीर्थ नगरी सोरों में हरि की पौड़ी स्थित भगवान परशुराम मंदिर में सुबह को परशुराम का दुग्धाभिषेक किया गया। पालिकाध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे ने भगवान परशुराम मंदिर जाकर दुग्धाभिषेक किया। ब्राह्मण समाज के लोगों ने हवन में आहुतियां दीं। आरती उतारी और पूजन किया। पंडित धर्मधर शास्त्री ने विधि विधान से हवन और अभिषेक कराया। शाम को परशुराम जी की महा आरती की गई। शरद पांडेय, अभिषेक, राजकुमार दीक्षित, जयप्रकाश त्रिवेदी, राहुल भारद्वाज, सतीश चौधरी, सौरव उपाध्याय, गौरव उपाध्याय, शशांक दीक्षित, गंगा विष्णु, शरद दुबे, अभिषेक वशिष्ठ, अशोक पांडेय, सुरेश चंद्र पाटियात, अतुल तिवारी, सत्यम चतुर्वेदी, जयकिशन तिवारी मौजूद रहे।

# आभा आईडी से खुद बनाएं पर्चा लाइन के झंझट से मिलेगी मुक्ति

संवाददाता, एटा

- मेडिकल कॉलेज में रोज पहुंचते हैं एक हजार से अधिक मरीज , पर्चा बनवाने को लगती है लाइन

**अमृत विचार:** इन दिनों गर्मी के कारण लोग बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में लोग मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में उपचार कराने को पहुंच रहे हैं। जहां लोगों को पर्चा बनवाने के लिए लाइन में लगना पड़ रहा है। यदि आपके पास हेल्थ अकाउंट यानि आभा आईडी बनी है तो घर बैठे पर्चा बना सकते हैं। मेडिकल कॉलेज पहुंचकर आपको केवल टोकन नंबर बताना होगा। उसी नंबर से काउंटर पर बैठा स्वास्थ्यकर्मी पर्चा निकालकर दे देगा।

मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में उपचार के लिए प्रतिदिन 1000 से 1200 मरीज पहुंचते हैं। गर्मी के कारण बीमारियां बढ़ रही हैं। इससे ओपीडी में प्रतिदिन 1500 से 1600 तक मरीज पहुंच रहे हैं। सोमवार को 1749 तक मरीज पहुंचते हैं। मरीजों को पहले काउंटर से पर्चा बनवाना होता है। इसकी वजह से सुबह से ही मरीजों की लाइन लग जाते हैं। मरीजों को पर्चा बनवाने के लिए 30 से 40 मिनट लाइन में लगना पड़ता है। बाद में वह चिकित्सक को दिखाने के लिए भी लाइन में लगता है। मरीजों की सुविधा के लिए मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने ऑनलाइन पर्चे के लिए एक काउंटर अलग से खोल दिया है। यह काउंटर आभा आईडी वालों के लिए खोला गया है। जिस व्यक्ति की आभा आईडी बनी है वह मोबाइल पर पर्चा बना सकता है। वहां उसे टोकन नंबर मिलेगा। वह टोकन नंबर कॉलेज के पर्चा काउंटर पर बताना होगा। टोकन नंबर से उसे काउंटर पर बैठा व्यक्ति पर्चा निकाल कर दे देगा। इससे मरीज को लाइन में लगने की झंझट से मुक्ति मिल जाएगी।

### क्यूआर कोड से बनाए जा रहे पर्चे

मेडिकल कॉलेज में पर्चा काउंटर पर क्यूआर कोड चस्पा है। मरीज व उनके तीमारदार क्यूआर कोड को स्कैन कर पर्चा बना सकते हैं। वही टोकन नंबर काउंटर पर बैठे व्यक्ति को बताना होगा। वह पर्चा निकालकर दे देगा।

> जो मरीज आभा आईडी व क्यूआर कोड में पर्चा बनाते हैं। उनको लाइन में नहीं लगना पड़ता है। पर्चा काउंटर पर अलग से बैठा कंप्यूटर ऑपरेटर पर्चा निकालकर दे देता है।
> -डॉ. सुरेश चंद्रा, सीएमएस

# नहर में गिरा बाइक सवार ग्रामीणों ने बचाई जान

संवाददाता, एटा

- तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर नहर के पुल से टकराई

**अमृत विचार:** कोतवाली देहात के गांव जिरसमी के समीप बाइक सवार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरा। इससे वह पानी के तेज बहाव के बीच फंस गया। स्थानीय लोगों ने रस्सी डालकर उसे बाहर निकाला। मेडिकल कॉलेज इलाज के बाद वह ठीक हो गया।

कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला अशोक नगर निवासी अंकुर शाक्य किसी कार्य से अमांपुर गया था। वहां से बृहस्पतिवार को घर लौट रहा था। कोतवाली देहात के गांव जिरसमी के पास बाइक की रफ्तार तेज होने की वजह से अनियंत्रित हो गई। इससे बाइक पुल की रेलिंग से टकरा गई। इससे बाइक सड़क पर गिर गई और अंकुर नीचे नहर में जा गिरा। जहां वह तेजी से बह रहे पानी के भंवर में फंस गया। वहां आसपास मौजूद लोग भाग कर पहुंचे और रस्सी डालकर किसी तरह अंकुर को बाहर निकाला। प्रभारी निरीक्षक निर्दोष सिंह सेंगर ने बताया कि अमांपुर की ओर से तेजी से आ रहा बाइक सवार रेलिंग से टकराकर नहर में गिर गया था। इसको स्थानीय लोगों ने किसी तरह निकाला और अस्पताल पहुंचा। स्वास्थ्य लाभ मिलने पर युवक को परिजन घर ले गए हैं।

# नहर के पास बेहोशी की हालत में मिला ग्रामीण, मृत घोषित

**एटा, अमृत विचार:** कोतवाली देहात के गांव न्योराई निवासी ब्रह्मानंद (45) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

परिजनों के मुताबिक ब्रह्मानंद बृहस्पतिवार शाम लगभग चार बजे बाजार जाने को कहकर घर से निकले थे। वह शाम छह बजे तक घर नहीं लौटे तो परिजन ने उनकी तलाश शुरू कर दी। उधर, कुछ लोगों ने जिरससी नहर पुल के पास एक व्यक्ति को बेहोशी की हालत में पड़ा देखा। उन्हें फौरन मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उनके बेटे रतन कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर वह मेडिकल कॉलेज गए। मगर तब तक उनके पिता दम तोड़ चुके थे।

थाना प्रभारी निर्दोष सिंह सेंगर ने बताया कि इस प्रकार का कोई मामला हमारे संज्ञान में नहीं है। अगर किसी प्रकार की तहरीर मिलती है तो जांच करवाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ईवीएम की निगरानी को एक व्यक्ति लगा सकते हैं प्रत्याशी

संवाददाता, एटा

- सीसी टीवी कैमरों से की जा रही स्ट्रांग रूम की निगरानी, सुरक्षा बल तैनात

**अमृत विचार:** राजनैतिक दलों एवं प्रत्याशियों की ओर से ईवीएम और स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए जा रहे थे। इसको लेकर निर्वाचन आयोग की ओर से पार्टी प्रत्याशियों की ओर से ईवीएम की निगरानी के लिए फरमान जारी कर दिया गया है। हालांकि स्ट्रांग रूम और उसके आसपास पहले से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। फिर भी प्रत्याशी अपना कोई एक व्यक्ति ईवीएम की निगरानी के लिए लगा सकते हैं। इसके लिए व्यवस्था प्रशासन की ओर से की जाएंगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष चौधरी ने बताया कि मंडी समिति में प्रत्याशी एवं उनके एजेंट के लिए व्यवस्था की गई है। यहां एक व्यक्ति 24 घंटे रुककर सुरक्षा व्यवस्था को देख सकता हैं। सीसीटीवी के साथ ही निगरानी कर्ता के लिए मनोरंजन आदि के लिए टीवी की व्यवस्था अलग से की गई है।

उन्होंने बताया कि आयोग के मानक के अनुसार थ्री लेयर में सुरक्षा व्यवस्था की गई है। हर समय मजिस्ट्रेट और एक पुलिस अधिकारी अतिरिक्त सुरक्षा में लगाया गया है। इसके साथ ही प्रतिदिन प्रशासन एवं पुलिस के उच्चाधिकारियों की ओर से स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की पड़ताल की जा रही है।

उन्होंने बताया कि चौथे चरण के मतदान के लिए अलीगंज विधानसभा क्षेत्र निर्वाचन को ईवीएम वेयर हाउस कलेक्ट्रेट से स्ट्रांग रूम में शुक्रवार को पहुंचा दी गईं। यहां से 12 मई को पोलिंग पार्टियों की रवानगी होगी।

# रिटायर्ड एडीजी कारागार ने पैतृक गांव जाकर खिलाड़ियों को किया सम्मानित

संवाददाता, मोहनपुरा

**अमृत विचार:** युवावस्था में रोजगार की तलाश में गांव से बाहर जाकर कड़ी मेहनत के दम पर सफलता हासिल कर अपर महानिदेशक कारागार के उच्च पद पर रहने वाले एसपी सिंह सेवानिवृत होने के बाद अपने पैतृक गांव लौटे। उनके आने पर ग्रामीणों ने खुशी का इजहार किया। ग्रामीणों ने रिटायर्ड एडीजी कारागार को सम्मानित किया।

अपर महानिदेशक कारागार के पद से सेवानिवृत्त एसपी सिंह मोहनपुरा के समीपवर्ती गांव बेरी के मूल निवासी हैं। सेवानिवृत्ति के बाद लखनऊ में परिवार के साथ रहने लगे हैं। वह युवाओं को उचित मार्गदर्शन देने के लिए अपने गांव बेरी आए हैं। जहां उन्होंने स्थानीय युवा खिलाड़ियों के बीच हुए क्रिकेट मैच का लुत्फ लिया। साथ ही सभी को खेल सामग्री का वितरण कर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर पूर्व एडीजी ने कहा कि अपनी जन्मभूमि में आना, यहां का मौसम और अपने लोगों से मिलना बचपन की यादें तरोताजा करता है। उन्होंने खेल के साथ-साथ अपनी शिक्षा पर ध्यान केंद्रित रखने को कहा। कहा कि सभी युवा कड़ी मेहनत करके अपने गांव का नाम रोशन करें। इस दौरान अरविंद कुमार पुंढीर सेवानिवृत्त डीजीएम बीएसएनएल ने युवाओं को अपने सही मार्ग का चुनाव करने एवं अनुशासन के साथ चलने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर विनीत पुंढीर, अमित पुंढीर, गांधी, शिव कुमार माथुर आदि मौजूद रहे।


पैतृक गांव बेरी में खिलाड़ियों के साथ पूर्व अपर महानिदेशक कारागार एसपी सिंह।

- पूर्व अपर महानिदेशक कारागार बोले- खेलों के साथ पढ़ाई का रखें विशेष ध्यान

# डूंगरपुर के मामले में गवाह से जिरह पूरी

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर के एक मामले में गवाह रामवीर सिंह से जिरह पूरी हो गई है। अब इस मामले में 15 मई की तारीख नियत की गई है। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है।

सपा शासन में डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के नाम पर मारपीट, तोड़फोड़, लूटपाट व डकैती जैसे आरोप लगे थे। इस तरह के कई केस गंज थाने में वर्ष 2019 में दर्ज हुए थे। इनमें सपा नेता आजम खां को भी आरोपी बनाया गया है।

कई मामले अदालत में विचाराधीन हैं। डूंगरपुर प्रकरण के एक मामले में शुक्रवार को इंस्पेक्टर रामवीर सिंह ने बयान दर्ज कराए। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि गवाह रामवीर सिंह से जिरह पूरी हो गई है। अब 15 मई को 313 के बयान दर्ज हो सकते हैं।

# महाराणा प्रताप जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली


मोहनपुरा में महाराणा प्रताप की जयंती पर निकली शोभायात्रा में शामिल क्षत्रिय समाज के लोग। • अमृत विचार


महाराणा प्रताप की जयंती पर मोहनपुरा में केक काटते क्षत्रिय समाज के लोग।

संवाददाता, मोहनपुरा

- मोहनपुरा के अलावा इलाके के कई गांवों में घूमी शोभायात्रा

**अमृत विचार :** मोहनपुरा क्षेत्र में क्षत्रिय समाज के लोगों ने महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा का शुभारंभ शिवा इंटर कॉलेज कांतौर से किया गया, जो कस्बा मोहनपुरा होते हुए टीकमपुरा, सलेमपुर, बेरी, कांतौर, भटीकरा, बाजिदपुर आदि गांवों में भ्रमण कर गंतव्य स्थान लौटकर संपन्न हुई।

रैली में गायक नितिन प्रधान गाजियाबाद, गायक जीतू राघव एवं गायक जयवीर ठाकुर प्रमुख केंद्र बिंदु रहे। इनके अतिरिक्त कबीर सिंह चौहान, संजय पुंढीर, दुष्यंत ठाकुर, अभय पुंढीर प्रबंधक प्रतिनिधि, टिंकू पुंढीर, रामू पुंढीर, रामू राघव, आकाश पुंढीर, अरुण पुंढीर, अमित पुंढीर, कल्पेश चौहान प्रधान प्रतिनिधि, पप्पन चौहान, प्रशांत राणा आदि रहे।

मोहनपुरा के समीपवर्ती गांव धरपसी में क्षत्रिय समाज के लोगों ने केक काटकर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया। महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष केक काटा गया। वहीं शिक्षक चंद्रवीर सिंह ने महाराणा प्रताप के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनकी वीरता का गुणगान किया। उन्होंने बताया कि देश और धर्म की रक्षा के लिए महाराणा प्रताप ने घास की रोटियां खाईं, किंतु मुगलों की अधीनता को कदापि स्वीकार नहीं किया। इसमें में राम प्रताप सिंह, यशपाल सिंह, तेजवीर सिंह रहे।

# दुष्कर्म पीड़िता ने जहर खाकर की आत्महत्या

संवाददाता, रामपुर

- पुलिस ने निजी चिकित्सक समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार :** दुष्कर्म पीड़िता ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी। आरोपी ने युवती को घर में अकेला पाकर हवस का शिकार बनाया था। युवती का पहले गांव के पास ही निजी चिकित्सक के क्लीनिक पर इलाज किया गया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे मुरादाबाद के कॉसमॉस अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई। पुलिस ने निजी चिकित्सक समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। गांव निवासी एक युवती छह दिन पूर्व घर में अकेली थी। उसके परिजन शादी में शामिल होने दूसरे गांव गए थे। युवती को अकेला देख पड़ोसी युवक घर में घुस आया युवती के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने घटना के बारे में किसी को न बताने की धमकी दी। दुष्कर्म से आहत युवती ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने युवती को गांव के ही चिकित्सक के यहां भर्ती कराया था। तीन दिन तक चले इलाज के बाद युवती की हालत और बिगड़ गई। परिजन उसे मुरादाबाद ले गए और कॉसमॉस अस्पताल में भर्ती करा दिया।

# प्रभु पार्क के पास से हटे मॉडल शॉप

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को स्कूल, अस्पताल और धार्मिक स्थल के समीप से मॉडल शॉप, शराब, बीयर की दुकानें हटाने का निर्देश दिया है। शहर के व्यापारियों व समाजसेवियों ने जिला प्रशासन से शहर के प्रमुख मंदिर प्रभु पार्क के अलावा नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज की दीवार से लगी शराब और बीयर की दुकानें हटाने की मांग की है। इसके अलावा जिले के अन्य कस्बों में भी यही स्थिति है। बीते वर्ष भी यह मांग उठी थी। बजरंग दल ने डीएम को ज्ञापन भी दिया था, लेकिन दुकानों को नहीं हटाया गया। जिला प्रशासन ने उच्च न्यायालय के आदेश का पालन नहीं कराया।



> यह आदेश पुराना है, लेकिन इसका पालन नहीं हो रहा था। इससे न्यायालय ने पुनः आदेश दिया है। सरकार और उसके नुमाइंदों को चाहिए कि न्यायालय के आदेश का पालन कराएं।
> – **अखिलेश अग्रवाल** नगर अध्यक्ष व्यापार मंडल



> शहर के प्रभु पार्क के समीप मॉडल शॉप है, जिसकी दूरी 50 मीटर भी नहीं है। इससे धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। जिम्मेदारों को चाहिए कि न्यायालय के आदेश का पालन कराएं।
> –**संजय पल्तानी**, उद्योगपति



> लक्ष्मीगंज स्थित नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज की दुकानों में अंग्रेजी शराब, बीयर और देसी शराब की दुकान संचालित है। यह न्यायालय के आदेश की अवहेलना है। दुकान हटाई जाए।
> – **अशोक गौड़**, जिला प्रमुख शिवसेना



> बीते वर्ष डीएम को ज्ञापन देकर मॉडल शॉप हटाए जाने की मांग की गई थी, लेकिन अनदेखी हुई है। जिला प्रशासन एवं आबकारी विभाग इसे संज्ञान लेकर दुकान हटवाए।
> – **अमरीश वशिष्ठ**, एटा-कासगंज विभाग संयोजक बजरंग दल

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

VARUN ARJUN UNIVERSITY
VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY
PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
100% Scholarship D. Pharm (In take 60 Seats)
100% Scholarship B. Pharm (In take 60 Seats)
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare. We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:7521001993
SUN LUPIN Pfizer pil Psychotropics India Limited MACLEODS Canixa Life Sciences
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

